


देहरादून, बुधवार 4 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 14 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

पेज 2



अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर

खेल टाइम्स



प्राइवेट हॉस्पिटल: खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

सम्पादकीय



अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया: ट्रम्प

पेज 2

# पश्चिम एशिया में बिगड़ रहे हालात पर भारत ने जताई गहरी चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए
- बातचीत से जल्द समाधान पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में स्थिति के निरंतर बिगड़ने और बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के मद्देनजर भारत ने सभी संबद्ध पक्षों से बातचीत और कूटनीति से समस्या का जल्द समाधान निकालने का एक बार फिर आह्वान किया है।

भारत ने कहा है कि निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए हैं, इस वजह से भी वहां का घटनाक्रम बड़ी चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को ताजा स्थिति पर वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशियाई देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की मौजूदगी और उस क्षेत्र से भारत के आर्थिक हितों के जुड़े होने से इन हालातों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। वक्तव्य में कहा गया है कि हाल के दिनों में इस संघर्ष में तेजी आई है और इसका अन्य देशों तक विस्तार हुआ है। इससे विनाश और जनहानि बढ़ी है तथा सामान्य जीवन और आर्थिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। भारत का मानना है कि क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में महत्वपूर्ण हित रखने वाले निकटवर्ती पड़ोसी के रूप में ये घटनाक्रम गहरी चिंता उत्पन्न करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में भारत समस्या के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का अपना आह्वान दृढ़ता से दोहराता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति के पक्ष में स्पष्ट रूप से अपनी आवाज उठाते हैं।



## पीएम मोदी ने ओमान पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग का मंगलवार को चौथा दिन था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय वापस आ रहे हैं। दुबई और अबूधाबी से मंगलवार शाम तक सात फ्लाइट से 2100 से ज्यादा भारतीय लौट चुके हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने मंगलवार को ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात वहां हुए हमलों की निंदा की। एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो आज जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है।

## 14वां रोज़ा

### जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है रोज़ा



माशाअल्लाह! माहे-मुबारक रमज़ान का कारवां अब चौदहवें रोजे़ तक आ पहुंचा है। रोजे़दार के लिए वैसे तो हर रोज़ा खुशियों का खजाना है। मगफिरत के इस अशरे में चौदहवां रोज़ा जन्नत के दरवाजे़ पर सब्र की दस्तक है। अमूमन 'मझला रोज़ा' भी शुमार किया जाता है। इस की अपनी फजीलत और अज़्मत है। शरई जिसमें हर किसी की बुराई, बदगुमानी, बेईमानी, बेहयाई, ईमान का निशान और इंसानियत की पहचान है। चौदहवें रोजे़ तक आते-आते रोजे़दार सब्र का आदी हो जाता है। इसलिए रोज़ा रोजे़दार के लिए जन्नत का फरियादी हो जाता है। हदीस की रोशनी में भी रोज़ा जन्नत के दरवाजे पर सब्र की दस्तक है।

## रंगोत्सव



होली/दुल्हैंडी के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

एस.एन. राना - सम्पादक

## अवकाश सूचना

दुल्हैंडी (होली) के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# रियाद में अमेरिकी एंबेसी पर हमला

## आग लगी, ईरान के ड्रोन हमले के बाद अमेरिकी एंबेसी बंद

रियाद, वार्ता



- ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा
- ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद किया
- कहा: जो जहाज वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर हमला होगा

**ईरान द्वारा सऊदी अरब के** रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन मार गिराए गए ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जल्द ही ड्रोन हमले का जवाब देगा। रियाद में अमेरिकी दूतावास ने रियाद और जेद्दा में अमेरिकी नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है कि वे दूतावास परिसर से दूर रहें और घर के अंदर ही रहें। वहीं रियाद में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि उसने अपने मिशन पर ड्रोन हमले के बाद सेवाएं स्थगित कर दी हैं। इस ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया गया है और ईरान ने चेतावनी दी है कि इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। इस जलमार्ग से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि मंगलवार को सभी नियमित और आपातकालीन अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए गए हैं और रियाद, जेद्दा तथा धाहरान में उसके मिशन पर घर में ही सुरक्षित रहें के उपाय लागू थे। बयान में कहा गया कि दूतावास पर हमले के कारण अगली सूचना तक इन स्थानों पर जाने से बचें। हम सभी अमेरिकी-नागरिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा योजना बनाए रखने की सलाह देते हैं।

## IRGC का दावा: हमने 650 अमेरिकी सैनिक मार गिराए

- ईरानी हमलों के चलते विमानवाहक पोत भी हटा पीछे

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का मंगलवार को चौथा दिन था। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है।

पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात से गुजर रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके 'ट्रू प्रामिस 4' अभियान के पहले दो दिनों में 650 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नइनी ने कहा कि ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और नौसैनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया। नइनी के अनुसार, बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय पर कई बार हमले किए गए। उन्होंने दावा किया कि एक हमले में 160 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए। साथ ही अमेरिकी नौसेना के एक कॉम्बैट सपोर्ट जहाज को भी भारी नुकसान पहुंचा। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि ईरानी नौसेना ने चाबहार तट से 250 से 300 किलोमीटर दूर तैनात यूएसएस अब्राहम लिंकन पर चार क्रूज मिसाइल दागीं, जिसके बाद विमानवाहक पोत को पीछे हटना पड़ा। अमेरिकी पक्ष की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानी: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: यह न्यूट्रल रहना नहीं, जिम्मेदारी से पीछे हटना
- यह पीएम की ईरान पर हमले की अनदेखी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है।

मंगलवार को एक अखबार में प्रकाशित आर्टिकल में उन्होंने लिखा कि 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी।




## दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

**नई दिल्ली।** दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी मंगलवार की सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें कुल 157 लोग सवार थे जिसमें 149 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य शामिल हैं। पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली आने वाली मंगलवार को यह पहली उड़ान थी।


















## संक्षिप्त समाचार

### आंगलांग अदरक पहली बार पहुंची लंदन के बाजार में

**नई दिल्ली।** असम की विशिष्ट भौगलिक पहचान (जीआई) प्रमाणित कर्बी आंगलांग की अदरक का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में शुरू हो गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जीआई टैग वाली कर्बी आंगलांग की 1.2 टन की पहली खेप लंदन निर्यात की गई है। गोयल ने इसे देश के कृषि निर्यात के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने और वोकल फॉर लोकल को लोकल टू ग्लोबल बनाने (स्थानीय माल को देश में प्रचारित करने और उसे विश्व बजार तक पहुंचाने) के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसी एपीडा के सतत प्रयासों से पूर्वोत्तर भारत के उत्पादों को नई पहचान और किसानों को उनके परिश्रम का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

### कान्हा की नगरी में होली की धूम, युवा रंगों में सराबोर

**मथुरा।** ब्रजमंडल में होली का रंगोत्सव हर्षोल्लास के साथ खेला गया। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ निकाला गया। इस दौरान लोगों ने डीजे पर डांस किया, पिछले कई दशकों से चतुर्वेदी समाज के लोग डोला निकालकर होली का आनंद लेते हैं। तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि होली का रंग ब्रज में अनोखा है और होली मनाने के लिए देश और विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला शहर में निकाला गया। उन्होंने कहा कि चतुर्वेदी समाज के बहुत से लोग विदेश में फंसे हुए हैं, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि युद्ध खत्म हो।

## अमेरिका-इजरायल का साथ दिया, तो माना जाएगा युद्ध की कार्रवाई

# ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

**तेहरान, वार्ता**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने यूरोपीय देशों को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि अगर यूरोप ने अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में किसी भी रूप में भाग लिया, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में हमले और जवाबी कार्रवाई लगातार बढ़ रही है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर भी अगर कोई देश अमेरिका-इजरायल अभियान में शामिल होता है, तो उसे आक्रामकता माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और



■ ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को पहुंचा नुकसान, सैटेलाइट तस्वीरों से उपजी चिंता, आईएईए ने पुष्टि की

सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। यह प्रतिक्रिया जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। ईरान ने इसे सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने की तैयारी बताया है। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने स्पष्ट किया है कि वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा सकती है। यूरोपीय संघ ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। ब्रिटेन ने अमेरिकी बलों को अपने बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। वहीं फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि यदि सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उनकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। फ्रांस ने बताया कि प्रभावित देशों में लगभग चार लाख फ्रांसीसी नागरिक मौजूद हैं। हालात बिगड़ने पर उन्हें वाणिज्यिक और सैन्य उड़ानों के जरिए निकाला जा सकता है। इसी बीच क्षेत्र में हमलों का सिलसिला जारी है और रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमले से तनाव और बढ़ गया है। ईरान का कहना है कि वह किसी भी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप की संभावित भूमिका को लेकर आने वाले दिनों में हालात और स्पष्ट हो सकते हैं।

### वैश्विक गैस बाजारों में भारी उछाल

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा संरचनाओं पर हुए सिलसिलेवार ड्रोन हमलों के बाद वैश्विक गैस बाजारों में भारी उथल-पुथल देखी गई है। ओमान के डुक्म बंदरगाह स्थित एक तेल भंडारण सुविधा को यूएवी द्धड्रोनॠ हमले में नुकसान पहुंचा है। सरकारी समाचार एजेंसी ओमान न्यूज एजेंसी द्धओएनएॠ ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से बताया कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और भंडारण टैंक को हुआ नुकसान नियंत्रण में है। इस बीच, कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने ईरान पर आरोपित ड्रोन हमलों के बाद तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीॠ का उत्पादन अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा कि रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी और मेसईद इंडस्ट्रियल सिटी स्थित उसकी परिचालन इकाइयों को निशाना बनाए जाने के बाद एलएनजी और संबद्ध उत्पादों का उत्पादन रोक दिया गया है। डच और ब्रिटिश थोक गैस कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक उछाल आया, जबकि एशियाई एलएनजी बेंचमार्क कीमतों में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया, हमारी सबसे बड़ी सेना

**वॉशिंगटन/तेहरान।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी सुरक्षा बल ईरान को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सैन्य अभियान का सबसे तीव्र चरण अभी शुरू होना बाकी है।

ट्रम्प ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कार्रवाई 'बहुत प्रभावी' है और अमेरिका अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि शुरुआती हमलों में अमेरिका ने राजनीतिक और सैन्य हस्तियां सहित 49 ईरानी नेताओं को समाप्त कर दिया है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगला चरण शीघ्र आने वाला है। उन्होंने इसे षबिग वेवष करार देते हुए कहा, ष्हमने अभी तक उन्हें पूरी ताकत से नहीं मारा है। बड़ी कार्रवाई अभी बाकी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईरान द्वारा बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अरब देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले 'सबसे बड़ा आश्चर्य' रहे। ट्रम्प ने संघर्ष की अवधि पर कहा कि वह इसे लंबा नहीं देखना चाहते और उनका अनुमान था कि यह लगभग चार सप्ताह तक चलेगा। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इजरायल के साथ समन्वय में किए गए पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना



■ ईरान के साथ चार हफ्ते तक चलेगा युद्ध

और अमेरिकी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि अमेरिका को आशंका थी कि यदि इजरायल कार्रवाई करता तो ईरान अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला करता, इसलिए पहले प्रहार किया गया। रूबियो ने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान ईरान की कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता और उसकी नौसेना से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है। अमेरिकी सेना ने इस संघर्ष में छह अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की है, जबकि ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के अनुसार ईरान में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिका में इस कार्रवाई पर राजनीतिक मतभेद स्पष्ट हैं। रिपब्लिकन नेताओं ने ट्रम्प के कदम का समर्थन किया है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक श्यूमर ने इसे 'चयनित युद्ध' बताते हुए प्रशासन के बयानों को अपर्याप्त करार दिया।

# पृथ्वी संरक्षण को मिलकर काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, वार्ता**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन्यजीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि पृथ्वी का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए सबको मिलकर निरंतर काम करने की जरूरत है।

यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस पर मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस दिवस को पृथ्वी की अद्भुत जैव विविधता का उत्सव बताया और कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण न केवल पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी भी है, जिसके लिए सभी के लगातार प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी समृद्ध पारिस्थितिकी को खतरे में डालने वाले सभी खतरों के प्रति सचेत है, इसलिए



■ वन्य जीवों का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी: यादव

वह न केवल अपने पास मौजूद संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस हर साल तीन मार्च को वन्य जीवों और पौधों के पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस मौके पर हर साल लोगों और ग्रह के लिए वन्यजीवों की अनूठी भूमिकाओं और योगदानों की पहचान की जाती है।

# कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो: केजरीवाल

## 'फांसी घर' मामले में समन पर आप संयोजक की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली विधानसभा में कथित फांसी घर मामले में जारी समान पर अरविंद केजरीवाल 6 मार्च को विधानसभा की प्रिविलेज कमेटी के सामने पेश होंगे। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें समिति को पत्र लिखा है। इसमें दिल्ली के पूर्व सीएम लिखते हैं कि दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, सड़कें टूटी पड़ी हैं, हर तरफ कूड़े के ढेर हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं।

अरविंद केजरीवाल इसी पोस्ट में आगे लिखते हैं कि दिल्ली विधानसभा ने फांसी घर पर प्रश्न पूछने के लिए मुझे बुलाया है। मैंने विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है कि उनके समन के अनुसार मैं 6 मार्च को उपस्थित रहूंगा। पारदर्शिता को ध्यान में



रखते हुए समिति से मेरी विनती है कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में विशेषाधिकार समिति से कहा कि असेंबली के रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस के रूल 172 और 220 के तहत जारी समन मुझे मिला है। इस नोटिस के अनुसार मैं 6 मार्च को दोपहर 3 बजे बताई गई जगह पर कमिटी ऑफ प्रिविलेज के सामने पेश होऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरे पेश होने से मेरे कानूनी और संवैधानिक अधिकारों, उपायों, आपत्तियों और दलीलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जो सभी साफ तौर पर रिजर्व हैं। ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक अकाउंटेबिलिटी के हित में मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि इस मामले में कमेटी की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम किया जाए।

**क्या है फांसी घर विवाद?**

मामला अगस्त 2020 का है। आम आदमी पार्टी सरकार ने विधानसभा परिसर में एक स्ट्रक्चर को ब्रिटिश काल का फांसी घर बताते हुए उद्घाटन किया था। हालांकि इसे लेकर बीजेपी का कहना है कि यह फांसी घर नहीं, बल्कि पुराना टिफिन रूम था। इसे गलत तरीके से फांसी घर बताया गया और जनता को गलत जानकारी दी गई। बीजेपी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी पर एक और गंभीर आरोप लगाया। बीजेपी ने कहा कि तब की आम आदमी पार्टी सरकार ने इसके रेनोवेशन पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इसकी जांच के लिए विशेषाधिकार समिति बनी है।

### उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में जल्द पूरा होगा स्मार्ट सिटी का काम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए एक अच्छी बात यह है कि स्मार्ट सिटी स्कीम के तहत शुरू होने वाले 99 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स शुरू हो गए हैं। 15 मार्च की डेडलाइन का पीछा करते हुए, शहरी विकास विभाग के किए गए नए रिव्यू में पाया गया कि शहरी निवासियों के जीवन को आसान बनाने के लिए मंजूर किए गए कुल 682 प्रोजेक्ट्स में से 677 पूरे हो गए हैं। बाकी पांच प्रोजेक्ट्स में से तीन का उद्घाटन एक हफ्ते के अंदर हो सकता है, जबकि बाकी भी 14 मार्च तक चालू हो जाएंगे। इस स्कीम में, यूपी में नगर निगमों द्वारा चलाए जाने वाले 10 शहरों को शामिल किया गया था। आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी को इस स्कीम के तहत शामिल किया गया था।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81287.19 |
| निफ्टी | 25178.65 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) | 164170 |
| चांदी रु. (प्रति किलो) | 315000 |

# पॉलिसी सपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से एग्री-इनोवेशन का हब बनेगा उप्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि राज्य में 156 रजिस्टर्ड एग्री स्टार्टअप एक्टिव हैं, जो किसानों को क्रेडिट फैसिलिटी, एडवाइजरी सर्विस और डिजिटल सॉल्यूशन दे रहे हैं। योगी सरकार के इन पहलों ने खेती को ज्यादा प्रॉफिटेबल और सस्टेनेबल बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक खेती को ट्रेडिशनल फ्रेमवर्क से आगे बढ़ाने और इसे टेक्नोलॉजी-ड्रिवन मॉडल के साथ इंटीग्रेट करने पर जोर दिया है। स्टार्टअप के जिरए, किसानों को समय पर क्रेडिट, फसल मैनेजमेंट सलाह और डायरेक्ट मार्केट लिकेज मिल रहे हैं। इससे छोटे और मार्जिनल किसानों की ट्रेडिशनल साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है और ट्रांसपेरेंट फाइनेंशियल सर्विस तक पहुंच पक्की हुई है। बयान में बताया गया है कि एग्रीकल्चर एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डिजिटल

■ किसानों को क्रेडिट सुविधा व डिजीटल सुविधा दे रहे हैं

प्लेटफॉर्म बेस्ड सर्विसेज ने गांव के इलाकों में जानकारी को और आसान बना दिया है। मौसम का अनुमान, फसल चुनने में गाइडेंस और बीज और फर्टिलाइजर से जुड़ी सलाह अब मोबाइल एप्लीकेशन और कॉल सेंटर के जिरए मिल रही है। बयान के मुताबिक इससे प्रोडक्शन कॉस्ट कम करने और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की संभावना बढ़ गई है। राज्य सरकार का मानना है कि टेक्नोलॉजी-बेस्ड दखल से एग्रीकल्चर सेक्टर को लंबे समय तक स्टेबिलिटी मिलेगी। स्टार्टअप पॉलिसी, इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के जिरए, सरकार युवाओं को एग्रीकल्चर एंटरप्रेन्योरशिप अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है। इससे गांव के इलाकों में सेल्फ- एम्प्लॉयमेंट के मौके बढ़े हैं और एग्रीकल्चर को एक मॉडर्न बिजनेस के तौर पर स्थापित करने की कोशिशें आगे बढ़ी हैं।

# सोना और चांदी के दाम में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में फिलहाल पंख लग गए है। मंगलवार के दिन भी सर्राफा बाजार खुलते ही सोने और चांदी के दामों में तेजी देखी गई है। सोने की कीमतों में फिलहाल सबसे ज्यादा उछाल देखा जा रहा है। सोना लगातार चार दिनों से महंगा हो रहा है। 24 कैरेट सोना 1,64,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बिका है।

कल यह कीमत 1,63,960 रुपए थी। यानि दामों में 210 रुपए का इजाफा हुआ है। 3 मार्च के दिन 1 किलो चांदी की कीमत 315000 रुपए है। चांदी के दामों में लगातार बदलाव दिख रहा है। सर्राफा बाजार में कीमत बढ़ी है। चांदी के दाम आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं। सोने और चांदी कीमतों में फिलहाल दो तरह का असर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजराइल जंग का असर सोना और चांदी पर है। वहीं दूसरी तरफ शादियों का सीजन होने की वजह से भी सोने और चांदी कीमतों में बदलाव दिख रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पिछले कुछ सेशंस में तेजी के बाद इनवेस्टर्स अब मुनाफावसूली कर रहे हैं, जिससे चांदी में नरमी देखने को मिल रही है। हालांकि जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ रहा है। इससे सोने और चांदी की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। उधर डॉलर में मजबूती आई है, जिसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है। डॉलर में मजबूती आने पर सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ती है, जबकि डॉलर में कमजोरी आने पर कीमती मेटल्स की चमक बढ़ जाती है।

# योगी सरकार ने तोड़ा रिकॉर्ड 62.30 लाख मी. टन धान खरीदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खरीफ मार्केटिंग सीजन 2025-26 के लिए धान खरीद का प्रोसेस पूरा हो गया है। अधिकारियों का दावा है कि किसान हितैषी योगी सरकार ने खरीद टारगेट को काफी ज्यादा पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

अधिकारियों के अनुसार 60 लाख मीट्रिक टन के तय टारगेट के मुकाबले सरकार ने 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा। बदले में, किसानों को करीब 15,000 करोड़ का पेमेंट किया गया है। उत्तर प्रदेश में खरीद का प्रोसेस 28 फरवरी को खत्म हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे राज्य में 4,869 खरीद सेंटर के जिरए 10.53 लाख किसानों से 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया। खरीद रेट कॉमन ग्रेड के लिए 2,369 प्रति क्विटल और ग्रेड। धान के लिए 2,389 प्रति क्विटल था। किसानों को कुल 14,886.35 करोड़ का पेमेंट ट्रांसफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

■ किसानों को 133370 करोड़ का भुगतान किया गया

के निर्देश पर, 48 घंटे के अंदर डीबीटी के जिरए सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में पेमेंट किया गया। इस सिस्टम से बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई और किसानों को समय पर पेमेंट मिला। सरकार का दावा है कि कुल 12,82,892 किसानों ने अपना धान बेचने के लिए रजिस्टर किया। फूड एंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट के मुताबिक धान बेचने के लिए ओटीपी-बेस्ड सिगल रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किया गया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के डिवीजन और हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जैसे जिलों में 31 जनवरी तक खरीद जारी रही। वहीं चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज डिवीजन के साथ-साथ लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जिलों में 28 फरवरी तक खरीद जारी रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर कई खाड़ी देशों पर पड़ रहा है। कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में हालात प्रभावित हुए हैं। इन देशों में लाखों भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं। जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि वह इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जरूरतमंद लोग संबंधित देशों में भारतीय दूतावास द्वारा जारी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आईएमए के सदस्य सहायता के लिए ऑनरेरी फाइनेंस सेक्रेट्री डा. पीयूष जैन से भी संपर्क कर सकते हैं। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर फिलहाल भारतीय नागरिकों पर भी साफ दिखने लगा है। भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में छात्र, यात्री और खाड़ी देशों में काम करने वाले माइग्रेंट्स शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए सबसे ज्यादा छात्रों की हालत खराब है, वो हर समय दहशत में जी रहे हैं। भारत में उनके परिजन भी इसी बात से परेशान हैं। इनमें से करीब 40 लाख भारतीय यूएई में ही बसे हुए हैं। भारतीय बड़ी संख्या में सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में भी काम करते हैं। मौजूदा संकट के चलते इन देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि भारत सरकार इन देशों के अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने भारतीयों को भरोसा दिलाया है कि हालात बेहतर होते ही उन्हें वहां से निकाल लिया जाएगा।

**भारतीय दूतावास के आपातकालीन संपर्क नंबर**

कुवैत- +965-65501946
ओमान- +968-98282270, 80071234 (टोल फ्री)
सऊदी अरब- 00-966-11-4884697, 00-966-542126748, 8002471234 (टोल फ्री, केवल व्हाट्सएप)
बहरीन- 00973-39418071
संयुक्त अरब अमीरात-800-46342 (टोल फ्री) +971543090571

■ भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में हैं

# अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई गलत: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के शीर्ष नेता की हत्या करना उचित नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने सवाल उठाया कि अगर अमेरिका और इजराइल की यह कार्रवाई सही मानी जाती है, तो फिर रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी सही ठहराया जाएगा? और अगर भविष्य में भारत भी इसी तरह का कदम उठाए, तो क्या उसे भी जायज कहा जाएगा?

सीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति से होना चाहिए। विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उन्होंने बताया कि कई छात्र, जिनमें मेडिकल के विद्यार्थी भी शामिल हैं, वहां मौजूद हैं। सरकार उनके



संपर्क में है और उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएम ने बताया कि छात्रों के परिजनों से भी लगातार बातचीत की जा रही है। परिजनों से कहा गया है कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार उनके बच्चों को लाने की पूरी कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार को भी इस पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। कश्मीर में मौजूदा हालात पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ लोग माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को शांति बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए, ताकि घाटी में अमन-चैन कायम रहे।

# उप्र में होलिका दहन संपन्न आजे उड़ेगा अबीर-गुलाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में होलिका दहन मंगलवार सुबह तक संपन्न हो गया, जबकि रंग बुधवार को खेला जाएगा। होलिका दहन कुछ स्थानो पर सोमवार मध्य रात्रि के बाद हुआ जबकि कुछ एक जगह पर मंगलवार भोर चार बजे होली में आग लगाई गई।

चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण कुछ स्थानो पर आज शाम छह बजे के बाद होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। हालांकि रंगों की बौछार और अबीर गुलाल की मस्ती बुधवार को होगी। इस साल का पहला चंद्र ग्रहण आज लगा, इसलिए ग्रहण के कारण होली से जुड़े काम रोक दिए गए हैं। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखा, ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहा, जिसका सूतक काल आज भोर छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हो गया। ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं दिया, क्योंकि यह चांद निकलने से पहले समाप्त हो गया। ज्योतिषी एसएस नागपाल ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण का अंत भारत के सुदूर पूर्वी हिस्सों में दिखाई दिया। देश के बाकी हिस्सों में, केवल आंशिक चंद्र ग्रहण का अंत दिखाई दिया। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महा. सागर और अमेरिका में दिखाई देगा।

### होली पर डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग, उमंग और आपसी विश्वास का यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला उत्सव है, जो आपसी सौहार्द और सद्भाव को मजबूत करता है। डीजीपी ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों के सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ सुरक्षित वातावरण में होली मना सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# मंदाकिनी के सीने पर बेखौफ खनन, प्रशासन मौन

**■ अगस्त्यमुनि में अवैध खनन का खेल जारी, अत्यधिक संवेदनशील जोन में बढ़ा आपदा का खतरा, पर्यावरणविदों ने उठाई आवाज**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनिख्रविजयनगर क्षेत्र में पेट्रोल पंप के समीप मंदाकिनी नदी के किनारे अवैध खनन का खेल बेखौफ जारी है। नदी के पट्टे क्षेत्र में तय मानकों से बाहर मशीनों से बालू, बजरी और पत्थर का दोहन किया जा रहा है, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

अगस्त्यमुनि क्षेत्र आपदा की दृष्टि से पहले ही अति संवेदनशील माना जाता है। मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित होने तथा भूस्खलन और मलबा प्रवाह की प्रवणता के कारण मानसून में यहां खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में अनियंत्रित खनन भविष्य में बड़े भू-कटाव, पुलों को क्षति और राजमार्ग और लिंक मार्ग के ध्वस्त होने जैसी आशंकाओं को जन्म दे रहा है।

स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि खनन विभाग और जिला प्रशासन इस गंभीर मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। दिन-रात चल रही मशीनों की आवाज और लगातार दौड़ रहे डंपर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि खनन गतिविधियां निर्धारित सीमा से कहीं आगे बढ़ चुकी हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम लंबाई-चौड़ाई की सीमा से बाहर खुदाई की जा रही है। नदी तट के समीप बसे जंगलों और कृषि भूमि पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय और मानवीय संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद जगत सिंह जंगली ने कहा कि मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में है। उत्तराखंड में पूर्व में अवैध खनन के कारण कई नदियों के तटों पर आपदाएं बढ़ी हैं और अगस्त्यमुनि का मामला भी उसी दिशा की ओर संकेत कर रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेंद्र बद्री ने भी इस मुद्दे पर प्रशासन को आगाह करते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि नदी तंत्र के साथ छेड़छाड़ सीधे तौर पर आपदा को न्योता देना है।

## प्रशासन ने दिए जांच के संकेत

रूद्रप्रयाग। उप निदेशक खान वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंदा. कनी नदी में अवैध खनन की शिकायतों के संबंध में जांच कराई जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब खुलेआम मशीनें चल रही हैं तो जांच की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते सख्त कदम उठाएगा, या फिर संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में खनन माफियाओं की मनमानी यूं ही जारी रहेगी? मंदाकिनी और उससे जुड़े जनजीवन की सुरक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# एनआईटी निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण व कंपनी आमने-सामने

**■ एनआईटी निर्माण कार्य तीसरे दिन भी बंद, कोतवाली पहुंचा मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के सुमाड़ी गांव में चल रहें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) स्थायी परिसर के निर्माण कार्य का मामला कोतवाली श्रीनगर पहुंच गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकता दर्ज करवाई है। जबकि एनआईटी के निर्माण कार्य में लगी कंपनी ने भी ग्रामीणों के द्वारा अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। दरसल एनआईटी निर्माण कार्य में लगे स्थानीय लोगों को बिना पूर्व सूचना से हटाएं जाने, निर्माण कार्यों में अनियमितताओं सहित एनजीटी के मानकों का उल्लंघन के आरोपों को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विगत तीन दिनों से एनआईटी के निर्माण कार्य बंद करवाया है। सुमाड़ी में धरने में बैठे ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए एनआईटी निर्माण कार्य में लगी कंपनी के अधिकारियों के द्वारा महिलाओं के साथ बदतमीजी की जा रही है। कहा कि कंपनी के एक अधिकारी द्वारा बिना किसी कारण ग्रामीण के प्रतिष्ठान की लाइट काट दी गई, जब इसका जवाब मांगा गया तो कंपनी के अधिकारी द्वारा महिला के साथ अभद्रता से पेश आया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहें गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं भाजायुमों के प्रदेश मंत्री डा. सुधीर जोशी ने कहा कि निर्माणदायी संस्था में कार्य कर रही तीन युवतियों प्रियंका रावत, साक्षी धनाई, रंजिता भंडारी को बिना किसी पूर्व सूचना व वेध कारण के नौकरी से निकाला गया है। कहा कि धीरे-धीरे परियोजना से स्थानीय लोगों को बाहर किया जा रहा है, जबकि एनआईटी परिसर निर्माण के लिए यहां के लोगों ने अपनी भूमि नि:शुल्क दान की है। कहा कि कंपनी द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के मानकों की भी अनदेखी कि जा रही है। जब ग्रामीण अपनी हको की बात कर रही है, तब कंपनी के अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। कहा कि कंपनियों के अधिकारियों का रवैया भी ग्रामीणों के साथ ठीक नहीं है। कहा कंपनियों के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों और एनआईटी निर्माण कार्य में लगी कंपनी के अधिकारी द्वारा प्राथमिकता दी गई है। बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सुनील भारती मित्तल सम्मानित

**देहरादून।** ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) ने भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को बेहद खास श्लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डश से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिदृश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेसके दौरान यह सम्मान उन्हें स्पेन के राजा फेलिप षष्ठम, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला और वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।सुनील भारती मित्तल ने कहा कि, यह सम्मान पाकर वह अत्यंत गौरवान्वित हैं और इसके लिए जीएसएमए को हृदय से धन्यवाद करते हैं।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित किया परिवार मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** भारत विकास परिषद कोटद्वार के तत्वावधान में ग्राम फतेहपुर में रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में परिवार मिलन समारोह व पूर्व अध्यक्ष सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर संस्कार सम्बन्धित जानकारी महिलाओं व पुरूषों के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा पूर्व अध्यक्षो का सम्मान किया गया ।फतेहपुर स्थित एसबी रिजार्टस रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कोटद्वार नगर निगम के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया । इस अवसर उन्होने कहा कि कोई भी कार्य करे तो सम्पर्ण भाव से करे तभी सफलता मिलती है। सम्पर्ण भाव से किये गए कार्य दूरगामी परिणाम देते है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के परिवार मिलन होते रहने चाहिए इससे आपस में संस्कारो का आदान प्रदान तथा मेलजोल बढ़ता है ।परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने अतिथिओ का स्वागत करते हुए कहा कि परिषद का उद्देश्य परिवारो में अच्छे संस्कार पैदा करना है । इस अवसर पर सचिव प्रदीप अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक तोताराम पांथरी, सह संयोजक कैलाश चन्द्र अग्रवाल व राजेंद्र जखमोला, महिला संयोजिका बीना मित्तल ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर परिषद के 16 पूर्व अध्यक्षो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पुरुषों, महिलाओं व बच्चो के विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सीमा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, डॉ तरूण अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, रिवान अग्रवाल, वंशिका अग्रवाल, वान्या अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया । वंशिका अग्रवाल ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया । कार्यक्रम का संचालन तोताराम पांथरी व कैलाश चन्द्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया ।

# कीर्तिनगर में एनपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा जनपद टिहरी गढ़वाल के द्वारा मंगलवार को मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल के नेतृत्व में कीर्तिनगर ब्लाक सभागार में एनपीएस और यूपीएस के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने सरकार पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान कर्मियों ने कहा कि सरकार नई पेंशन नीति जबरन थोपकर कर्मचारियों को परेशान करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संदीप मैठाणी ने कहा कि एनपीएस/यूपीएस जैसी व्यवस्थाएं कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित बना रही हैं। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को कर्मचारियों का अधिकार बताते हुए सरकार से इसे शीघ्र बहाल करने की मांग की। ब्लॉक मंत्री सुरजीत सिंह ने कहा की होली के रंग हमारे लिए फिके है जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती। संरक्षक सतीश बलूनी ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। मौके पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद चौहान, अमित नौडियाल ने कहा कि यह आंदोलन केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि सम्मानजनक सेवानिवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा का प्रश्न है। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग की। कार्यक्रम में पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा की जब तक सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर देती है तब आंदोलन जारी रहेंगा। इस अवसर पर जगमोहन पुंडीर, कमलेश्वर थपलियाल, प्रवीन कुमार, महावीर पालीवाल,पंकज, अनिल भट्ट, दया सागर उनियाल, चंद्रशेखर मेवाड़, विनोद चौहान, राहुल कुमार, दीपक मियां, वीरेंद्र चौहान सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जनपद में अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई कार्रवाई में कोतवाली रुद्रप्रयाग एवं कोतवाली अगस्त्यमुनि पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।पहले मामले में चौकी दुर्गाधार, कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान भ्यूराज सिंह नेगी पुत्र स्व. गुलाब सिंह, निवासी ग्राम बदरीकोट (सेम), पोस्ट मयकोटी, जनपद रुद्रप्रयाग को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 24 अद्धे तथा 3 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।वहीं दूसरे मामले में कोतवाली अगस्त्यमुनि पुलिस ने चेकिंग के दौरान विजय राणा पुत्र होशियार सिंह, निवासी ग्राम चोपड़ा, थाना व जनपद रुद्रप्रयाग (हाल निवासी सिद्धसोड़, अगस्त्यमुनि) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 18 बोतल 'मसमबज ठसंबा चमबपंस पोल' बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली अगस्त्यमुनि में मुकदमा अपराध संख्या 13/26, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

### बार एसोसिएशन श्रीनगर ने मंत्री डा. रावत का जताया आभार

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय श्रीनगर में सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए एचपीवी ड्राइव का शुभारंभ करने एवं हाईटेक एंबुलेंस प्रदान करने पर बार एसोसिएशन श्रीनगर ने कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है। बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए डॉ. धन सिंह रावत एक उत्कृष्ट एवं स्वागत योग्य कदम है। जिसकी बार एसोसिएशन श्रीनगर सराहना करती है। खुशी एवं आभार व्यक्त करने वाले अधिवक्ताओं में बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, पूर्व सह सचिव प्रदीप मैठाणी, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दीपक भंडारी, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जोशी, पूर्व महासचिव विकास पंत, सह सचिव देवी प्रसाद खरे, सुनीता भंडारी, नितेश भारती गौरव उपाध्याय, ओम प्रकाश मैठाणी, रतन सिंह बिष्ट बलबीर सिंह रौतेला, सुरेंद्र सिंह रौथाण, राजेश जैन, आनंद सिंह बुटोला सहित आदि मौजूद थे।

### नगरनिगम ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**कोटद्वार ।** नगर निगम परिसर में होली के पावन एवं रंगोत्सव के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण पर्यवेक्षकों, पर्यावरण मित्रों एवं पार्षदगणों सहित नगर निगम परिवार के अनेक गणमान्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत व उपस्थिति कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, समरसता और पारस्परिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का उत्सव है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए सभी से प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल रंगों के प्रयोग तथा स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया गया। पर्यावरण मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए उनके निरंतर सेवा भाव के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहाँ सभी ने मिलकर उत्साह एवं उल्लास के साथ होली पर्व का आनंद लिया और नगर के उज्ज्वल, स्वच्छ एवं हरित भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

## होली की आड़ में हुड़दंग पड़ा भारी कोटद्वार से पांच उपद्रवी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्ण एवं मर्यादित वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, असभ्य आचरण, मारपीट अथवा शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास पर कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं। इसके बावजूद, कोटद्वार एवं श्रीनगर क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों द्वारा असामाजिक आचरण करते हुए आपसी विवाद एवं मारपीट की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हुआ। झंडा चौक, कोटद्वार क्षेत्र में युवकों के मध्य मारपीट एवं गाली-गलौच की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुँची। मौके पर पाँच व्यक्ति आपस में झगड़ते पाए गए, जिनमें कुछ को आपसी हाथापाई में चोट भी आई थी। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित पाँचों व्यक्तियों नवीन जायसवाल पुत्र दानवीर सिंह, उम्र 35, निवासी कोडिया कोटद्वार जनपद पौड़ी, अभिषेक काला पुत्र चंद्र मोहन काला, उम्र 27 वर्ष, निवासी तेलीवाडा थाना नजीबाबाद यूपी, ज्योति चौधरी पुत्र हरी सिंह चौधरी, उम्र 50, वर्ष निवासी मालवीय उद्यान कोटद्वार जनपद पौड़ी, वरुण उर्फ जुन्नु पुत्र सुनील कश्यप, उम्र 26, निवासी गंगाधर जोशी मार्ग कोटद्वार जनपद पौड़ी व अनिल नेगी पुत्र गोपाल सिंह नेगी, उम्र 53 वर्ष, निवासी गोविंद नगर कोटद्वार जनपद पौड़ी को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## हुड़दंग मचाने पर चार युवकों पर चालानी कार्रवाई

**श्रीनगर।** सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ऋषिकेश बस अड्डे के समीप युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बाद विवाद ने हाथापाई का रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए अराजकता का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर कुलद. ीप सिंह ने बताया कि हुड़दंग में शामिल युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चार युवकों पर चालानी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चरस के साथ किया युवक गिरफ्तार

**■ पुलिस टीम को दिया गया 2500 रुपए का पुरस्कार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** पुरोला पुलिस ने होली के दौरान अवैध चरस तस्कर को दबोचकर एक किलो से अधिक चरस बरामद किया है।

सोमवार रात्रि को थानाध्यक्ष मोरी, दीपक रावत के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चौकिंग के दौरान स्थान मोरी, बागी मौताड बैंड के पास आयुष ठाकुर पुत्र नारायण सिंह निवासी मेहूँवाला, विकासनगर देहरादून उम्र 22 वर्ष

नाम के युवक को वाहन संख्या न्ज्ञ 14ज। 2710 (स्विफ्ट डिजायर) से अवैध चरस की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया, युवक के कब्जे से 1 किलो 348 ग्राम चरस बरामद की गयी है। जिसकी कीमत कीमत करीब 2.70 लाख रु0 आंकी गई है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर युवक के विरुद्ध थाना मोरी पर 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि होली के त्योहार के दौरान नशीले पदार्थों की खपत को देखते हुये वह चरस को देहरादून क्षेत्र में बेचने की फिराक में था। अभियुक्त के आप. राधिक इतिहास की जानकारी खंगाली जा रही है।

गिरफ्तारी, बरामदगी करने वाली पुलिस टीम की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी महोदया द्वारा टीम को 2500 रु0 का नकद पारितोषिक देने की घोषणा की गयी है।पुलिस टीम थानाध्यक्ष मोरी, दीपक रावत, अ0उ0नि0 भगतराम नौटियाल,कानि0 अरविन्द असवाल, कानि0 सत्यपाल, कानि0 गणेश राणा, का नि 0 अनिल तोमर आदि मौजूद रहे है।

# राहत व पुनर्निर्माण में देरी पर भड़का जनाक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** एक ओर पूरा जनपद होली के रंग में सराबोर है, वहीं दूसरी ओर बसुकेदार तहसील के आपदा प्रभावित गांवों में पीड़ा और आक्रोश का रंग गहराता जा रहा है। अगस्त 2025 में आई भीषण दैवीय आपदा बादल फटना, भूस्खलन और जलप्रलय से तबाह हुए क्षेत्रों में अब तक राहत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू न होने के विरोध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

तालजामण, जोला, डुंगर, भटवाड़ी, बड़ेथ और पातियूं गांवों में आपदा के घाव आज भी ताजा हैं। टूटी सड़कें, क्षतिग्रस्त पुल, उजड़ा बाजार और ठप संचार सेवाएं ग्रामीणों के जीवन को लगातार प्रभावित कर रही हैं। कई महीने बीत जाने के बावजूद पुनर्निर्माण कार्यों की धीमी गतिख्रया यूं कहें कि ठप स्थितिख्रने ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है।

आमरण अनशन पर बैठे जनप्रति. निधियों में पूर्व प्रधान तालजामण शिवानंद नौटियाल, ग्राम प्रधान तालजामण दीनानाथ, ग्राम प्रधान जोला श्रीमती दीपा देवी तथा ग्राम उछोला के प्रतिनिधि रामचंद्र शामिल हैं। ये सभी बसुकेदार तहसील के विभिन्न प्रभावित गांवों की आवाज बनकर धरने पर बैठे हैं।



## आपदा प्रबंधन पर उठे सवाल

आपदा के कई महीने बाद भी पुनर्निर्माण कार्यों में हो रही देरी ने एक बार फिर आपदा प्रबंधन तंत्र की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य शुरू नहीं हुए, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं क्या पीड़ित गांवों को शीघ्र राहत मिलेगी या उन्हें अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी?

## 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस कार्रवाई की मांग

**रूद्रप्रयाग।** आंदोलनकारियों ने प्रशासन के समक्ष 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र निर्माण, चंदन गंगा नदी पर स्थायी पुल का निर्माण, छेनागाड़ बाजार का पुनर्निर्माण, मोबाइल व संचार नेटवर्क की बहाली, बैंकिंग सुविधाओं की पुनर्स्थापना आपदा प्रभावित परिवारों को मुआवजा व पुनर्वास की मांग है। ग्रामीणों का आरोप है कि आपदा के बाद से वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। स्कूली बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में जोखिम उठाना पड़ रहा है और व्यापार पूरी तरह प्रभावित है।

## जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, चेतावनी

**रूद्रप्रयाग।** आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक व लिखित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने की मांग की है। वहीं मामले में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि ग्रामीणों की मांगों पर कार्यवाही जारी है। ग्रामीणों को समझाया जाएगा और अनशन तोड़ने को लेकर अधिकारियों को भेजा जाएगा।

अनशनकारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया, ज्ञापन सौंपे, बैठकें कीं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। मजबूर होकर उन्हें आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# 24वीं उत्तराखंड राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में आयोजित "24वीं उत्तराखंड राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चौंपियनशिप" में यूजेवीएन लिमिटेड के अभियंताओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निगम का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में यूजेवीएन लिमिटेड में अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत ललित टम्टा ने 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।

ललित टम्टा ने मिश्रित युगल स्पर्धा में अपनी जोड़ीदार भावना रावत के साथ शानदार तालमेल एवं दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पुरुष युगल स्पर्धा में उन्होंने अपने जोड़ीदार एवं यूजेवीएन लिमिटेड में ही अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत गोपाल सिंह के साथ द्वितीय स्थान भी अर्जित किया। पूरे टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के फलस्वरूप ललित टम्टा का चयन आगामी 18 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जिसमें वे उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि निगम के समस्त कार्मिकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



**■ यूजेवीएन लिमिटेड के अभियंताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

उल्लेखनीय है कि ललित टम्टा एवं गोपाल सिंह निगम में अधिशासी अभियंता के पद की जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं दक्षता के साथ निर्वहन करते हुए अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से समय निकालकर नियमित अभ्यास करते हैं।

# हुड़दंगियों पर पुलिस की सख्त नजरः एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली के रंग में भंग डालने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों से शांति ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सघन स्तर पर चैकिंग अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र व जनपद के एंट्री प्वाइंटो पर लगातार वाहनों की दिन-रात सघन चैकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों पर नजर रखने को कहा है। एसएसपी ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है।



संदिग्ध व्यक्तियों, अराजक तत्वों व हुड़दंगियों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी तरह की भ्रामक खबर, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। साथ ही त्योहार की आड़ में अराजकता फैलाने वालों, हुड़दंग, मारपीट और जबरन रंग लगाने वालों पर कानूनी कार्रवाई, हुड़दंग मचाने वालों, आदर्श आचार संहिता का पालन न करने वालों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी पुलिस द्वारा निगहा रखी जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट चेता. वनी दी है कि सार्वजनिक स्थानो पर शराब पिलाने वालों, और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी ने आमजन से अपील की कि होली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे और मर्यादा के साथ मनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें।

## पर्वतीय उत्थान मंच में शोक सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पार्वतीय संस्कृतिक उत्थान मंच के उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट के



पुत्र अरुण की आकस्मिक मृत्यु पर मंच प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने की। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति की कामना की और शोक संतृप्त परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में मंच के सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, भुवन जोशी, चंद्रशेखर परगाई, नीरज बगड़वाल, संदीप भैसोड़ा, लीलाधर पांडे, एनबी गुणवंत, कमल किशोर, ललित बिष्ट, सुरेश पांडे, ललित कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## होली मनाने पहुंचे पर्यटक, पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रंगों के पर्व होली पर पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार को नगर के अनेक पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की भीड़ लगी हुई थी। नगर के अनेक होटलों में इस बार पर्यटक बुधवार (आज) होली खेलेंगे जिसके लिए होटलों में विशेष तैयारी भी की जा रही है। दूसरी ओर होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए नैनीताल में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस की ओर से मंगलवार को फ्लैग मार्च भी किया गया। इस बीच देश के विभिन्न शहरों से नैनीताल में होली मनाने पहुंचे पर्यटकों ने जीवनदायिनी नैनी झील में नौका विहार का भी जमकर आनंद लिया साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए।

# गांव की होली की यादों को किया ताज़ा

## सातगांव सतराली ने हल्द्वानी में मनाई एकता पर्व होली, सांस्कृतिक समिति का भी गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मण्डल के पहाड़ों से तराई-भावर में बस चुके लोग हर वर्ष होली के मौके पर अपने गांवों की यादों को ताजा करते हुए एकता के साथ यह पर्व मनाते हैं। इसी क्रम में हल्द्वानी में सतराली गांव के लोगों ने एकता पर्व होली का आयोजन किया, जिसके तहत सतराली सांस्कृतिक समिति का गठन किया गया। हालांकि, गांवों में पलायन के कारण जनसंख्या कम हो गई है, लेकिन इस समिति के बैनर तले हल्द्वानी में आयोजित होली कार्यक्रम में गांव की होली से कहीं अधिक लोग एकत्रित हुए। सोमवार को समिति से जुड़े होल्यारों ने शेखर चन्द्र लोहनी के आवास पर खड़ी होली की धूम मचाई। मथुरा में खेलें एक घड़ी जैसे भक्ति रस के होली गीतों में होल्यार भक्तिभाव से सरोबार दिखाई दिए। इसके बाद आरटीओ रोड स्थित जगदीश चन्द्र लोहनी के आवास पर बड़ी संख्या में पहुंचे होल्यारों ने श्रंगार रस की होली गाई, जिसमें एक बूंद जो पड़ी है गुलाल की, चादर मोरी भीगे री छैला, आज की रैन सुहावना जैसे गीतों के बीच ढोल-मजीरे की थाप पर होल्यार मस्त होकर नाचते हुए होली की शुभकामनाएं देते रहे। इस दौरान उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा एकता पर्व होली में अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सातगांव सतराली के लोगों की एकजुटता एक सराहनीय मिसाल है। इस मौके पर गिरीश चंद्र लोहनी, भुवन चंद्र लो. हनी, ललित मोहन पन्त, शेखर लो. हनी, मनोज लोहनी, केतन पाण्डे, एलएम लोहनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## समाज में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकतः मेयर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के बिठौरिया वार्ड में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदों दीपक बिष्ट, नवीन जोशी और ममता जोशी ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस रंगीन और पावन अवसर पर मेयर गजराज



सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने समारोह में उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सद्भाव और गिले-शिकवे भुलाने का महत्वपूर्ण संदेश देता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि समाज में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने इस अवसर पर क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन समाज को जोड़ने और विभिन्न वर्गों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने का काम करते हैं। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट, मनोज पाठक, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, पार्षद धीरज पाण्डेय, मोहन पाठक, भगवान कार्की, प्रमोद बोरा, मनोज जोशी समेत कई प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी शाखा को चौथी बार प्रथम पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद उत्तराखंड पूर्व प्रांत की प्रांतीय परिषद बैठक सितारगंज स्थित एक रिसोर्ट में संपन्न हुई। बैठक में उत्तराखंड पूर्व प्रांत की 21



शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वर्षभर किए गए उत्कर्ष कार्यों के लिए भारत विकास परिषद की हल्द्वानी शाखा को लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार मुख्य अतिथि परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने प्रदान किया। इस अवसर पर हल्द्वानी शाखा की ओर से प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाला मेहता, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, सचिव डा. निधि अग्रवाल, एकता अग्रवाल, अमित अग्रवाल, डा. अभिषेक मित्तल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## क्रिकेट एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट एकेडमी में रात्रि के समय होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें



क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े सदस्य रंगों के इस पर्व का आनंद एक-दूसरे के साथ बांटते हुए अबीर-गुलाल लगाकर नाच-गाकर होली की खुशी मनाते रहे। देर रात तक एसोसिएशन के सदस्य नृत्य और गीतों के बीच एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते रहे। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, राजू नेगी, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, संजय चौधरी, नरेंद्र अधिकारी, अमित कांडपाल, आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट, नवीन टम्टा, निश्चल जोशी, डिम्पल, उमेश पांडे, कमलेश काला, विजय आर्या, नीरज डसीला, भानु साह, मनोज वर्मा, रवि नेगी, विकास गुणवंत, उदित गुरूरानी, और उमेश रावत सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# खनस्यूं में दो चरस तस्कर धरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वार चलाया जा रहा अभियान के तहत खनस्यूं पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चरस तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्करों के पास से 202 ग्राम चरस बरामद की है।

जानकारी के अनुसार खनस्यूं थानाध्यक्ष विजय पाल मय टीम के साथ मंगलवार की सुबह क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी पुलिस ने चैकिंग के दौरान आती स्कूटी संख्या यूके04टीबी-3162 को रूकने का इशारा किया लेकिन स्कूटी सवार ने टीम को देख स्कूटी को मोड़कर भागने लग। शक होने पर टीम ने घेरा. बंदी करते हुए उसे दबोच लिया। स्कूटी सवार दोनो युवकों की तलाशी



ली तो उनके पास से 202 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम दीपक थुआल पुत्र जमन चन्द्र, निवासी ग्राम हैड़ाखान, तहसील खनस्यूँ, हर्षित रावत पुत्र अर्जुन सिंह रावत, निवासी तल्ला कृष्णापुर, थाना तल्लीताल बताया। पुलिस ने चरस तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए दोनो तस्करों के खिलाफ आबकारी अधि. नियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में खनस्यूं थानाध्यक्ष विजयपाल सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह, मो. नाजिर, अभिषेक मौर्य शामिल थे।

## पुलिस प्रशासन सतर्क

**कालाढूंगी।** कोतवाली के कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। इस फ्लैग मार्च में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजार, संवेदनशील इलाकों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से गुजरते हुए सुरक्षा का संदेश दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेता. वनी दी कि किसी भी तरह के हुड़दंग मचाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक पंकज जोशी, बेलपड़ाव चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह नेगी, कोटाबाग चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा, एसएसआई तनवीर आलम, जयवीर सिंह, जयपाल सिंह, शादाब खान, अमन दीप, किसन नाथ और अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# एरीज़ से लोगों ने देखा चन्द्रग्रहण

## जैसे ही चंद्रग्रहण दिखा, लोगों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल स्थित एरीज के विज्ञान क्रेन्द्र से मंगलवार को चंद्र ग्रहण की लाइव स्ट्रीमिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें इस ग्रहण की शुरुआत भारतीय समयानुसार मंगलवार को अपराह्न 2. 24 बजे से से ही हो गयी थी जब भारत में चन्द्रमा क्षितिज के बहुत नीचे था। अतः उत्तराखंड सहित भारत के अधिकांश हिस्सों में यह केवल आंशिक रूप से देखा गया। नैनीताल के मनोरापीक स्थित एरीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक डा. वीरेंद्र यादव ने चंद्र ग्रहण के बारे में एक ऑनलाइन व्याख्यान दिया और ग्रहण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान आम जनता के लिए विज्ञान क्रेन्द्र में प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण



को दूरबीन से देखने की व्यवस्था भी की गयी थी। आगंतुक पूर्व की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। शाम को ठीक 6.12 बजे पर चंद्रोदय तो हुआ पर क्षितिज के पास कुहरे जैसी स्थिति के कारण कुछ देर तक ग्रहण दिखाई नहीं दिया, जैसे ही चंद्रग्रहण लोगों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। ग्रहण के समय लोगों ने चाय व बिस्कुट खाकर यह भी प्रदर्शित किया कि अनेक भ्रांतियों के विपरीत ऐसा करना बिलकुल सुरक्षित है। इस अवसर पर एरीज के शोध छात्र महादेव, नवीन, उपा. सना, अमित, यश तथा इंटर्नशिप कर रहे छात्र हर्षवर्धन व विवेक और जनसंपर्क टीम के कमल सिंह जीना और मोहित सिंह उपस्थित थे।

# 90 दिनों की बाइक यात्रा पर पहुंचे नैनीताल

## लोद्रो पाल्डेन व जामयांग तेनजिन का तिब्बती समुदाय ने किया ज़ोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पूरे भारत वर्ष की 90 दिनों की मोटर साईकिल यात्रा पर निकले दो तिब्बती यात्री मंगलवार को नैनीताल पहुंचे। नैनीताल पहुंचने पर नैनीताल के तिब्बती समुदाय की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुछ दिन नैनीताल में ठहरने के बाद अपने अगले पड़ाव पिथौरागढ़ को रवाना होंगे।

बता दें 10 दिसंबर 2025 को अंत. रराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पूरे भारत की 90 दिनों की मोटर साईकल यात्रा पर निकले दो तिब्बती कार्यकर्ता पूर्व भारतीय सीमा सैनिक बीर सोलन हिमाचल प्रदेश के




क्षेत्रीय तिब्बती युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोद्रो पाल्डेन तथा डेकयलिंग तिब्बती शरणार्थी कालोनी देहरादून के निवासी व देहरादून क्षेत्रीय तिब्बती युवा कांग्रेस के सदस्य और पूर्व भारतीय सीमा सुरक्षा सैनिक जामयांग तेनजिन मंगलवार को नैनीताल पहुंचे, जहां पर नैनीताल निवासी तिब्बती समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। नैनीताल पहुंचने के बाद जामयांग तेनजिन ने बातचीत के दौरान बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत और उसकी जनता के प्रति तिब्बतियों को अब तक दिए गए प्रेम और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना है तथा तिब्बत की पहचान की रक्षा का आह्वान करना है। यह मुहिम 10 दिसंबर 2025 को शुरू की थी जिसका समापन 10 मार्च 2026 मंगलवार को दिल्ली में होगा। यह 90 दिनों की यात्रा दलाई लामा के 90 वें जन्मदिन के वर्ष के उपलक्ष्य में रखी गई है। वह यही कहना चाहते हैं कि भारत और तिब्बत की मैत्री अमर रहे। बताया कि मंगलवार को वह नैनीताल पहुंचे हैं और इसके बाद पिथौरागढ़ जाएंगें। 10 मार्च को दिल्ली में इस यात्रा का समापन होगा।

तिबबती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुपतेन ने बताया स्पेशल फ्रंटियर फोर्स के दो पूर्व सैनिक जमायांग तेनजिंग व डेकीलिंग हैं भारत और तिब्बत के बॉर्डर में तैनात रहकर अपनी सेवाए दी हैं, दलाई लामा के 90वें वर्ष पर करुणा वर्ष पर 90 दिन ले लिए बाइक रैली में निकले हुए हैं और भारत भ्रमण कर तिब्बत के लोगों की जानकारी दे रहें है, यह यात्रा 10 मार्च 2026 को दिल्ली में समाप्त हो जाएगी।

# दवा की ओवरडोज पर डॉक्टर व पर्यटकों में विवाद, कोतवाली पहुंचा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** दिल्ली निवासी महिला पर्यटक मंगलवार को पति के साथ घूमने के लिए नैनीताल आई हुई थी। महिला पर्यटक को अपराह्न करीब ढाई बजे गर्भावस्था से पूर्व हार्मोन के इंजेक्शन लगवाने के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंची। जहां आपातकालीन कक्ष में तैनात डाक्टर ने महिला के उपचार के दस्तावेजों की जांच व उसके चिकित्सक द्वारा सुझाई गई दवा की डोज नर्सिंग कर्मी को लगाने के निर्देश दिये। इंजेकशन लगाने के बाद महिला पर्यटक नर्सिंग कर्मी की ओर से दवा का ओवरडोज दिये जाने के आरोप लगाने लगी। इस दौरान जब महिला का पति आपातकालीन कक्ष में वीडियों बनाने लगा तो विवाद बढ़ गया। इस बीच डाक्टरों व गाइनोकोलोजिस्ट की ओर से समझाने पर भी पर्यटक शांत नहीं हुए और भन्नाते हुए कोतवाली आ धमके। पर्यटक की शिकायत के बाद कोतवाली में पुलिस ने डाक्टरों को बुलाकर पूछताछ की। जहां उन्होंने बताया कि दवा सही मात्रा में दी गई है। बताया कि वाइल से महिला के अनुसार दो डोज पूर्व में लगाई गई हैं जबकि एक डोज लगाने के बाद एक और डोज वाइल में बची है। जिससे दवा निर्धारित मात्रा ही दिये जाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने वाइल में शेष बची दवा को इंजेक्शन में भरकर मात्रा चेक कर लेने को कहा लेकिन पर्यटक नहीं माने और कोर्ट में देख लेने की धमकी देकर वापस लौट गए। मामले में जिला अस्पता के चिकित्सक डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि महिला के उपचार के दस्तावेजों में एक बार में आधा एमएल दवा दिये जाने की बात लिखी हुई है। कोतवाली की एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि पर्यटकों की मौखिक शिकायत पर चिकित्सकों को बुलाकर आपसी वार्ता करवाई गई थी, जिसमें दवा की ओवरडोज को लेकर गलत फहमी होने के तथ्य सामने आ रहे हैं। पर्यटकों या डाकटरों की ओर से लिखित शिकायत आई तो मामले की जांच की जाएगी।

# ऋतु परिवर्तन का संदेश देती है होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ वनस्पतिशास्त्री प्रो. ललित तिवारी ने कहा है कि रंगों का पर्व होली प्रकृति में ऋतु परिवर्तन का संदेश देकर पर्यावरण से भी जोड़ने तथा उसके संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली का रंग बनाने में टेशू (पलाश के फूल) का प्रयोग हमारे देश में प्राचीन काल से ही होते आया है। प्रो. तिवारी की माने तो सांस्कृतिक विरासत की प्राकृतिक होली की परंप. रा का निर्वहन टेशू ही करता है। टेशू को जंगल की आग भी कहा जाता है। टेशू से प्राकृतिक रंग बनाया जाता है। टेसू के सूखे फूलों का उपयोग होली में प्राकृतिक रंग (गुलाल) और पानी वाला रंग बनाने में किया जाता है। टेशू रंग बनाने की परंपरा भगवान कृष्ण और राधा रानी के समय से ब्रज की



होली से माना जाता है। टेशू के फूलों में प्रचुर मात्रा में सल्फर होता है जो गर्मियों में त्वचा के संक्रमण और रैशेज के इलाज में मदद करते हैं। प्रो. तिवारी ने कहा कि टेशू का फूल सुंदर और रंग बिरंगा फूल है जो भारत के विभिन्न हिस्सों में पाया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बूटियां मनोस्परमा है जो इसका पौधा मध्यम आकार का होता है और इसके फूल चमकीले नारंगी लाल रंग के होते हैं। इसे फ्लेम ऑफ द फारेस्ट भी कहा जाता है। यह फूल मुख्य रूप से वसंत ऋतु में खिलता है। पुराणों और प्राचीन भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है। इसे अग्नि और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। टेशू को यज्ञोपवीत में भी प्रयुक्त किया जाता है।

टेशू का पेड़ मध्यम आकार का क रीब 12 से 15 मीटर लंबा होता है। इसका तना सीधा, अनियमित शाखाओं और खुरदुरे तने वाला होता है तथा विकास दर बहुत धीमी होती है। पलाश का वृक्ष भारत और दक्षिण पूर्वी एशिया के बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान, थाईलैंड, कंबोडिया, मलेशिया, श्रीलंका और पश्चिम इंडोनेशिया में बहुतायत में मिलता है लेकिन 19वीं शती के प्रारंभ में इनकी तेजी से कटाई होने के कारण अब कम मिलता है। महाकवि कालिदास ने पलाश के फूलों को वसंत में वन की अग्नि के समान और धरती के लिए लाल साड़ी जैसा बताया है। आधुनिक काल में रवीन्द्रनाथ त्यागी का वयंग्य संग्रह पूरब खिले पलाश, मेहरू न्निसा परवेज का उपन्यास अकेला पलाश, मृदुला बाजपेयी का उपन्यास जाने कितने रंग पलाश के, नरेन्द्र शर्मा की पलाश वन तथा नचिकेता का गीत संग्रह सोये पलाश दहकेंगे, देवेन्द्र शर्मा इंद्र का दोहा संग्रह आंखों खिले पलाश आदि टेसू या पलाश की प्रकृति को आधारमान कर लिखे गए हैं। टेसू के फूल का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। फूलों को होली के अलावा आयुर्वेदिक में पित्तशामक, कनाशक और ज्वरनाशक हेतु प्रयोग किया जाता है। टेसू के फूल से निक. ाला गया रंग शरीर को ठंडक प्रदान करता है इसकी छाल और पत्तों का उपयोग भी विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। पलाश का वृक्ष न सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाता है।

# ऑल सेंट्स में बिखरी रंगों की छटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** होली के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में मंगलवार को उल्लास, उमंग और रंगों का अनुपम संगम देखने को मिली। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और उत्साह से सराबोर रहा। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के सभी बोर्डर्स ने अपने श्होम अवे फ्रॉम होम में एक परिवार की तरह मिलकर होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से हुआ।



विद्यार्थियों ने लोकप्रिय होली गीतों पर रंगारंग नृत्य कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। पारंपरिक और आधुनिक गीतों की धुन पर थिरकते बच्चों की ऊर्जा और आनंद देखते ही बनता था। पूरा परिसर होली है... के उल्लासपूर्ण स्वर से गूंज उठा। नृत्य और मनोरंजन के पश्चात विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यंजनों की व्यवस्था की गई। सभी ने चटपटे छोले, कुलचे व स्वादिष्ट और ताजगी से भरपूर लेमन सोडा तथा लजीज दही बड़ा तथा ठंडी मीठी आइसक्रीम का आनंद लिया।

स्वाद और उल्लास के इस संगम ने उत्सव की रंगत को और भी गहरा कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एंजिना रिचड्र्स ने समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ को रंगों के इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए एक रंगीन, हर्षोल्लासपूर्ण, आनंदमय एवं सुरक्षित होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यह स्पष्ट रूप से अनुभव किया गया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि संस्कार, परंपरा और पारिवारिक स्नेह का भी सशक्त माध्यम है। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने एक दूसरे के साथ प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश साझा करते हुए होली के रंगों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सात मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन की तैयारियों को लेकर जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजीव चौधरी और हीरा सिंह बिष्ट ने किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चार वर्षों में जनता के हित में किए गए कार्यो पर मुहर लगाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह 7 मार्च को हरिद्वार पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का नाम भारत के प्रमुख राज्यों में शामिल हुआ है और उत्तराखंड राज्य प्रगति की ओर अग्रसर है। उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प में भी अपना महती योगदान दे रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हरिद्वार दौरा ऐतिहासिक होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस दौरे के लिए बूथ स्तर तक जनसंपर्क करने का आह्वान करते हुए कहा कि गांव-गांव और बूथ स्तर तक जाकर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां की चर्चा करें और लोगों को कार्यक्रम में शामिल करने के लिए कार्य योजना बनाएं। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करें। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में सम्मिलित किया जा सके। कार्यक्रम संयोजक और प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने सभी विधायकों और पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों से चर्चा करते हुए अनुरोध किया कि अपनी अपनी विधानसभा में मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारीयो के साथ चर्चा कर केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करें। जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आज से ही अपनी जिम्मेदारियां के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम के बारे में जनता को बताएं और कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने का आग्रह करें। इस अवसर पर हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, रुड़की जिला अध्यक्ष डा.मधु सिंह, देहरादून नगर जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, कोटद्वार जिला अध्यक्ष मीता सिंह, हरिद्वार महापौर किरण जैसल, ऋषिकेश नगर पालिका अध्यक्ष शंभू पासवान, शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, रानी देवयानी, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, दर्जाधारी राज्य मंत्री डा. जयपाल चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, सुनील सैनी, श्यामवीर सैनी, देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, विकास तिवारी, संदीप गोयल, लव शर्मा, अभिनव चौहान, धर्मेंद्र चौहान, विपिन शर्मा, नकली राम सैनी, अरविंद कुशवाहा, विवेक चौहान, सुशील पवार, कैलाश भंडारी, प्रताप प्रधान, रितु ठाकुर, अम्बरीष सैनी, रीता सैनी, योगेश चौहान, आदेश सैनी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चंद्र ग्रहण का सूतक लगने पर बंद किए मंदिरों के कपाट

### ग्रहण समाप्त होने के बाद की गई हरकी पैड़ी पर गंगा आरती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मंगलवार को सवेरे 6 बजकर 20 मिनट पर साल के पहले चंद्रग्रहण का सूतक शुरू होने के बाद हरिद्वार में सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। शाम पौने सात बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर खोले गए और साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गयी। प्रात:कालीन गंगा आरती के बाद हरकी पैड़ी पर भी गंगा मंदिर सहित सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पूर्व सूतक शुरू हो जाता है। इस दौरान मंदिरों में दर्शन पूजन व अन्य मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों को खोला जाता है और देव प्रतिमाओं को स्नान आदि कराने के बाद विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जाती है। शाम पौने सात बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद हरकी पैड़ी पर मंदिरों और घाटों का गंगाजल से धोया गया। देव प्रतिमाओं को गंगा जल से स्नान कराने के बाद रात्रि आठ बजे गंगा आरती की गयी।



## स्वामी कैलाशानंद ने दी होली की शुभकामनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी से पारंपरिक ढंग से रंगों का पर्व मनाने का आह्वान किया। पौराणिक महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रह्लाद भगवान नारायण का परम भक्त था। इससे नाराज होकर हिरण्यकश्यपु ने उसे भक्ति त्यागने को कहा, लेकिन प्रह्लाद नहीं माने। क्रोधित होकर उसने बहन होलिका, जिसे अग्नि में न जलने का वरदान था, के साथ प्रह्लाद को अग्निकुंड में बैठा दिया। भगवान की कृपा से होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित बच गए। तभी से होली बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में मनाई जाती है। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सभी से सौहार्द और परंपराओं के साथ होली मनाने की अपील की।

## नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सोनिया किन्नर ने चलाया जागरूकता अभियान

### दुकानदारों को कपड़े थैले व कागज के लिफाफे वितरित कर पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सोनिया किन्नर ने अन्य साथियों के साथ जागरूकता अभियान चलाते हुंए दुकानदारों और आमजन से पॉलीथीन का उपयोग ना करने की अपील की और दुकानदारों को कपड़े के थैले और कागज के लिफाफे वितरित किए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पॉलीथीन पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ स्वच्छता में भी बाधक है। नालियों और सीवर लाइन में पॉलीथीन फंसने से नालीयां और सीवर लाइन चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। जिससे गंदगी फैलती है। सड़कों पर इधर उधर फेंकी गयी पॉलीथीन खाकर पशु बीमार हो जाते हैं। सोनिया ने कहा कि पॉलीथीन के व्यापक दुष्प्रभावों को देखते हुए सभी कपड़े व कागज के थैलों का ही उपयोग करें और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें।

## पेट्रोल पंप की मारपीट, तीन हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर ट्रक यूनियन के पास पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद बाइस सवार युवकों ने पंप मालिक और कर्मचारी से मारपीट कर दी। कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी। घटना में मालिक और एक कर्मचारी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। ट्रक यूनियन के पास बंधन पैलेस के बराबर स्थित भारत पेट्रोल पंप पर अहबाबनगर और कस्साबान क्षेत्र के कुछ युवक बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। आरोप है कि तेल कम-ज्यादा डालने की बात पर उनकी पंप कर्मचारी से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में बहस तेज हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि शोर-शराबा सुनकर पंप मालिक उमरशाद अंसारी कार्यालय से बाहर आए तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि कुछ युवकों ने पथराव कर कार्यालय के शीशे तोड़ दिए और परिसर में तोड़फोड़ की। अफरातफरी के बीच आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन युवक उनसे भी उलझ पड़े। घटना की सूचना मिलते ही रेल चौकी प्रभारी समीप पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख अधिकांश युवक फरार हो गए। मौके से नबिल पुत्र मशकूर कुरैशी निवासी अहबाबनगर, कैफ खान पुत्र शहराज खान निवासी खजूर वाली मस्जिद घोसियान और तौफिक अहमद पुत्र अब्दुल शकूर निवासी अहबाबनगर को हिरासत में लिया गया। वहीं घायलों को अस्पताल ले जाया गया। कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तीनों आरोपितों का शांतिभंग में चालान किया गया। पंप मालिक की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर फरार युवकों की पहचान कर उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



## हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा नेता विदित शर्मा के संयोजन में उत्तरी हरिद्वार के विश्वनाथ धाम आश्रम में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक, मेयर किरण जैसल सहित कई संत महंत और क्षेत्र के लोग शामिल हुए। वार्ड 2 की पार्षद सुनीता शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथीयों का तिलक लगाकर स्वागत किया और होली की बधाई दी। इस दौरान नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि होली रंगों, उमंगो और उल्लास का पर्व है। भाजपा कार्यकर्ता पर्वों के महत्व को समझते हैं। उन्होंने कहा कि गिले शिकवे भुलाकर पर्व की खुशियों को साझा करें। मेयर किरण जैसल ने कहा कि आपसी रिश्तों को मजबूत करने वाले होली पर्व को मिलजुल कर मनाना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता विदित शर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष परंपरागत तरीके से होली पर्व स्थानीय लोगों के साथ मिलजुल कर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्व हमारी हिंदू संस्कृति को दर्शाते हैं। युवा पीढ़ी को भी पर्वों की महत्ता को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुमांऊनी कलाकारों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उत्तराखंड की संस्कृति को बेहतर तरीके से दर्शाया है। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी, हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि महाराज ने सभी को आशीर्वाद देते हुए होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर शिवकुमार सैनी, हनी अग्रवाल, विकास तिवारी, विमला पांडे, दीपांशु विद्यार्थी, अनिल पुरी, राम अवतार शर्मा, सीताराम बरौली, महेश कालोनी, सुधा, चंद्रकांत पांडे, राम अवतार शर्मा आदि ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को गले लगा कर बधाई दी।

## शांतिकुंज में गायत्री दीपमहायज्ञ के साथ श्रद्धापूर्वक हुआ होलिका दहन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में होलिका दहन का पर्व आध्यात्मिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। यहां प्रत्येक पर्व, त्यौहार परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ ही उसके पीछे छिपे नैतिक और सामाजिक संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। यही कारण है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार विश्वभर में सनातन संस्कृति के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। उल्लेखनीय है कि शांतिकुंज के संस्थापक पूज्य युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने पर्व-त्योहारों को आत्मपरिष्कार और समाज निर्माण से जोड़ा। उनकी प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में गायत्री दीपमहायज्ञ का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें शांतिकुंज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित देश-विदेश से आए हजारों साधकों ने सहभागिता की। दीपों की पावन ज्योति और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। होलिका दहन पर्व के अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि होलिका दहन केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय और भक्ति की अटूट शक्ति का प्रतीक है। गायत्री परिवार प्रमुख ने कहा कि वर्तमान समय अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी है। ऐसे समय में हम सभी का दायित्व है कि सनातन संस्कृति के मूल्यों सत्य, प्रेम, करुणा, सेवा और सदाचार को अपने जीवन में धारण करें तथा उन्हें घर-घर तक पहुँचाएँ। आस्था और धर्मनिष्ठा को नहीं छोड़ा तथा अंतत: सत्य की विजय हुई। यही प्रेरणा हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। होलिका दहन का वैदिक कर्मकाण्ड विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया गया। आचार्यों ने होलिका दहन के आध्यात्मिक महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह पर्व अहंकार, अन्याय, कुरीतियों और नकारात्मक प्रवृत्तियों के दहन का प्रतीक है। उपस्थित साधकों ने बुराइयों को त्यागकर सद्गुणों को अपनाने का संकल्प लिया। वहीं होली के गीतों से संगीतज्ञों ने उपस्थित साधकों को उल्लसित किया। पर्व पूजन के दौरान गायत्री परिवार के प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने करोड़ों परिजनों के प्रतिनिधि स्वरूप विशेष पूजन किया। वहीं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या तथा महिला मंडल की प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या ने विधिवत होलिका दहन संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी ने समाज में सद्भाव, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरण के विस्तार का संकल्प दोहराया। शांतिकुंज में आयोजित यह पर्व आध्यात्मिक ऊर्जा, सामूहिक एकता और आत्मशुद्धि का प्रेरणास्पद संदेश देकर संपन्न हुआ।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में आयरिश पुल फ्लाईओवर पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार देर रात फ्लाईओवर पर दुर्घटना की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल हरिद्वार भेजा गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गौरव बडोनी (36) पुत्र एस.एन. बडोनी, निवासी शिवालिक नगर क्लस्टर-एस, कोतवाली रानीपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी स्कूटी से जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्राथमिक जांच में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। फ्लाईओवर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कूटी को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

## युवती ने लगाई फांसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के रोशनाबाद में सोमवार रात एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की बात सामने आई है। रोशनाबाद निवासी बिंदर पाल ने सोमवार देर रात पुलिस कंट्रोल रूम पर शनि देव मंदिर रोशनाबाद के पास एक युवती के आत्महत्या करने की सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतका की पहचान सोनम (24) पुत्री वीरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम नागल सोती, थाना मंडावली, जनपद बिजनौर हाल पता रोशनाबाद शनि देव मंदिर के पास के रूप में हुई। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मामला आत्महत्या का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### बहादराबाद में कांग्रेस का भव्य होली मिलन समारोह

## दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में दिखा उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** क्षेत्र के सरदार सिंह फार्म हाउस में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर जसवंत चौहान नें साथी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगों की उमंग और आपसी सौहार्द का अनोखा संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत, प्रीतम सिंह, राजबीर चौहान, महेश प्रताप राणा, जसवंत चौहान सहित कई प्रमुख नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इसके अलावा सरदार हरदीप सिंह, प्रियव्रत, तेलूराम प्रधान, मनोज धनगर, दिवान चंद, अनुज मुखिया, निशू चौहान, मुकुल चौहान, तनुज मुखिया सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीतियों और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फूलों की होली ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और अनुशासन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।

## बसंतोत्सव 2026 में उत्कृष्ट संयोजन के लिए प्रो. डॉ. नरेश चौधरी सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड के राज्यपाल ले.ज. (से.नि.) गुरुमीत सिंह ने लोक भवन में आयोजित तीन दिवसीय बसंतोत्सव 2026 के समापन समारोह में ऋषिकुल आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रो. डॉ. नरेश चौधरी को उत्कृष्ट संचालन एवं संयोजन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। राज्यपाल ने उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर लाखों दर्शकों ने पुष्प प्रदर्शनी और स्थानीय उत्पादों के स्टालों का अवलोकन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रो. डॉ. नरेश चौधरी, जो ऋषिकुल आयुर्वेद महाविद्यालय के शरीर रचना विभागाध्यक्ष एवं इंडियन रेडक्रॉस की नेशनल मैनेजिंग बॉडी के सदस्य हैं, को उनके समर्पित योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि जो व्यक्ति अपने मूल दायित्वों के साथ सामाजिक सेवा में भी सक्रिय भूमिका निभाता है, वह विशेष सम्मान का अधिकारी होता है। डॉ. चौधरी की सेवा भावना इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। समापन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास और श्रीमती सविता कपूर ने भी डॉ. चौधरी को बधाई दी। उद्यान एवं कृषि सचिव डॉ. एस.एन. पाण्डेय ने उनके सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. चौधरी किसी भी दायित्व को समर्पित भाव से पूर्ण करते हैं। उद्यान विभाग के निदेशक एस.एल. सेमवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. नरेश चौधरी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं उद्यान विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान उन्हें और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

## एसएसपी ने दी होली की शुभकामनाएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने जनपद वासियों को होली की शुभकामनाएं दी और प्रेम, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ सुरक्षित होली मनाने की अपील की। होली की शुभकामनाएं देने के साथ एसएसपी ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों और हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई और पुलिस को लगातार गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। आमजन से सुरक्षित होली मनाने की अपील करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि रंगों के त्योहार होली को खुशी से मनाएं। किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न ना करें। होली को सकुशल संपन्न कराने के लिए संवेदनलशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की गयी है। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ अव्यवस्था फैलानों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी जाति समुदाय के लिए अपशब्दों का प्रयोग ना करें। सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने से बचें। पुलिस की आवश्यकता पड़ने पर 112 या नजदीकी थाना चोकी पर अवश्य संपर्क करें।

# होली : हरिद्वार में उड़ते थे कभी प्राकृतिक रंग-गुलाल

### अब टेसू के पेड़ भी लुप्त हुए और रंग बनाने वाले भी

कुमार दुष्यंत





**हरिद्वार।** धर्मनगरी और संतनगरी हरिद्वार में एक वक्त प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की परंपरा थी। वक्त के बदलाव के साथ यह चलन भी बदल गया और प्राकृतिक रंग और गुलाल की जगह कैमिकल युक्त रंगों ने ले ली।

एक वक्त हरिद्वार की होली टेसू के रंगों से महकती थी। हरिद्वार का गंगापार का बैरागी कैंप से लेकर लालजीवाला तक का इलाका टेसू के पेड़ों से लकदक था। फागुन लगते ही यह क्षेत्र टेसू की खुशबू से महकने लगता था और टेसू के मखमली बासंती फूलों के कारण हरिद्वार का यह क्षेत्र तब ऊपर से भगवामय दिखाई देता था। ज्यादातर लोग होली पर टेसू के इन्हीं फूलों से रंग और गुलाल बनाकर होली खेला करते थे। हरिद्वार के आश्रमों और अखाड़ों में तो होली से कई दिन पहले से ही इन टेसूओं से रंग बनाने की तैयारियां शुरू हो जाती थी। इसके लिए पहले गंगापार जाकर पेड़ों से टेसुओं के गुच्छे के गुच्छे उतार लिए जाते थे। फिर इन टेसुओं को रंग के लिए बड़े बड़े पात्रों में पकाया जाता था। टेसू के फूलों का सारा रंग और खुश्बू निकाल लिए जाने के बाद इस गाढ़े रंग को पानी में मिलाया जाता था। रंग निकालने के बाद अवशेष रह गए फूलों को सुखाकर उसका गुलाल बनाया जाता था। बाद में इसी रंग-गुलाल से होली खेली जाती थी।

आश्रमों, अखाड़ों के अलावा भी प्राकृतिक रंगों से ही होली खेली जाती थी लेकिन धीरे-धीरे धर्मनगरी से टेसू के पेड़ लोप हो गये। पुलों, सड़कों, पार्किंग, कुंभ जैसे महामेलों की जरूरतों के लिए ये पेड़ काटे जाते रहे, जो अब पूरे शोल क्षेत्र में कहीं इक्का दुक्का ही दिखाई देते हैं। टेसू से रंग बनाने वाले लोग भी अब नहीं रहे।

नयी पीढ़ी तो ठीक से टेसू के फूल को पहचानती भी नहीं। इसलिए धीरे-धीरे प्राकृतिक रंगों की होली धर्मनगरी से विदा हो ली।

### गंगापार होती थी फिल्मों की शूटिंग

**हरिद्वार।** गंगापार का यह क्षेत्र 1970 तक इतना हरा-भरा और सुरम्य इलाका था कि तब इसकी सुंदरता के लिए मायानगरी के फिल्म निर्माता प्राय: यहां फिल्मों की शूटिंग के लिए आया करते थे। 1965 में बनी फिल्म श्गंगा की लहरेंश् की शूटिंग करीब दो माह इसी क्षेत्र में हुई और फिल्म की टीम किशोर कुमार, धर्मेंद्र, नंदा आदि हरिद्वार में डेरा डाले रहे। जिस देश में गंगा बहती है फिल्म का श्मेरा नाम राजू घराना अनामश् गीत भी यहीं फिल्माया गया। पोंगा पंडित, मंजिल-मंजिल, लूटमार, मैं इंतकाम लूंगा सहित दक्षिण की सैंकड़ों फिल्मों की शूटिंग हरिद्वार में इस क्षेत्र में हुई।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
सैफ सलमानी
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## हिमालय के खूबसूरत ट्रैकिंग रूट्स से परिचित कराएगा टिहरी लेक फेस्टिवल

**■ आयोजन के दौरान 9 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे ट्रैकिंग अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी के पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 6 से 9 मार्च के बीच आयोजित किए जा रहे टिहरी लेक फेस्टिवल के दौरान, जिले में 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान भी संचालित किए जाएंगे। जिसके जरिए प्रतिभागी, हिमालय की खूबसरती का दीदार करने के साथ ही ग्रामीण जनजीवन से भी परिचित होंगे।

झील के कारण टिहरी, हाल के समय में वाटर स्पोर्ट्स का बड़ा डेस्टिनेशन बन चुका है। लेकिन टिहरी में इसके अलावा भी पयर्टकों के लिए बहुत कुछ छुपा हुआ है। खासकर पहाड़ी ढलानों, जंगलों और बुग्याल से होकर गुजरने वाले ट्रैकिंग रूट्स। इसलिए जिला प्रशासन टिहरी लेक फेस्टिवल के दौरान पयर्टकों को नया अनुभव दिलाने के लिए 9 स्थानों पर ट्रैकिंग अभियान संचालित करने जा रहा है। उक्त सभी ट्रैकिंग अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे, जिस कारण पयर्टक टिहरी के ग्रामीण जनजीवन से भी परिचित हो सकेंगे। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने कहा कि इन ट्रैकिंग अभियानों का उद्देश्य केवल साहसिक गतिविधि तक सीमित नहीं है। यह पहल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और टिहरी को एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पयर्टकों के साथ प्रशिक्षित गाइड भी साथ चलेंगे, पयर्टकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समुचित इंतजाम किए गए हैं।

# जौनसार बावर में वन विभाग की कार्रवाई पर ग्रामीणों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बिना पूर्व सूचना क्षेत्र में प्रवेश कर कार्रवाई किए जाने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में खत बौन्दूर के राठू गांव में क्षेत्रवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि जौनसार बावर एक पारंपरिक एवं संवेदनशील जनजातीय क्षेत्र है, जहां ग्राम सभा और स्थानीय रीति-रिवाजों का विशेष महत्व है। बिना ग्राम पंचायत अथवा ग्राम सभा को सूचित किए किसी भी प्रकार की विभागीय कार्रवाई जनभावनाओं को आहत करती है और क्षेत्र में अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मांग उठाई कि भविष्य में वन विभाग किसी भी प्रकार की जांच, मापन अथवा अन्य कार्रवाई से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्रशासन को लिखित सूचना देना सुनिश्चित करे। साथ ही, सभी विभागीय कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही संपन्न किए जाएं, ताकि पारदर्शिता और आपसी विश्वास बना रहे।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में बिना सूचना क्षेत्र में प्रवेश करने या एकतरफा कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि क्षेत्र में सौहार्द, शांति और विधि-व्यवस्था बनी रहे।

## टिहरी झील महोत्सव 2026 के लिए रूट चार्ट हुआ तैयार

**■ टिहरी लेक फेस्टिवल को 6 से 8 मार्च तक विशेष रूट चार्ट जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 6 मार्च से 9 मार्च 2026 तक टिहरी झील महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक, साहसिक एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल द्वारा महोत्सव के सफल संचालन एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिनांक 6 मार्च से 8 मार्च, 2026 तक पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों के आवागमन हेतु विशेष रूट चार्ट जारी किया गया है। निर्धारित रूट चार्ट के अंतर्गत विभिन्न मार्गों, वाहनों की उपलब्धता के केन्द्र बिंदु, बसों की संख्या, संबंधित संपर्क कार्मिकों एवं नोडल अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर सहित विस्तृत सूची जारी की गई है। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में टिहरी लेक फेस्टिवल में प्रतिभाग करें।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए बसों की समुचित व्यवस्था की गई है तथा तीन दिवस हेतु विशेष रूट चार्ट प्रभावी रहेगा। जिलाधिकारी ने प्रदेश से बाहर निवास कर रहे जनपदवासियों से भी आह्वान किया है कि वे बड़ी संख्या में टिहरी पहुंचकर महोत्सव में सहभागिता करें और इस भव्य आयोजन का आनंद लें। जारी रूट चार्ट के अनुसार नरेंद्रनगर, भिलंगना, थौलधार-चंबा, जौनपुर, जाखणीधार, कीर्तिनगर, प्रतापनगर विकासखंडों सहित जिला मुख्यालय से संबंधित मार्गों को शामिल किया गया है।

## पछवादून सैनी समाज ने होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून सैनी समाज का होली मिलन समारोह विकासनगर स्थित श्री अनमोल सैनी के आवास पर अत्यंत हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त एस.डी.ओ. विद्युत विभाग रामनाथ सैनी द्वारा की गई।

इस अवसर पर एडवोकेट गौरव पाल सैनी, लक्ष्य सैनी, अमित सैनी, विनय सैनी, सुभाष सैनी (प्रवक्ता अंग्रेजी), जगमोहन सैनी, संदीप सैनी, पीतांबर सैनी (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य), विनोद सैनी (नेवी से सेवानिवृत्त), वीरेंद्र सैनी, यशपाल सैनी (वेदांश स्वीट शॉप), अंकुश सैनी, चिरायु सैनी, डॉ. सुरेश सैनी, डॉ. अशोक सैनी, अनंत सैनी, संजय सैनी (प्रवक्ता रसायन विज्ञान), डॉ. रविंद्र सैनी (सेवा. निवृत्त प्रधानाचार्य), रमेश सैनी (प्रधान), डॉ. अश्विनी सैनी, कृतान्श सैनी, वेदांश सैनी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन पर विचार-विमर्श किया।

वक्ताओं ने समाज की उन्नति, शिक्षा के प्रसार और संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी प्रेम और सामंजस्य और अधिक सुदृढ़ होता है।

अध्यक्षीय संबोधन में रामनाथ सैनी ने कहा कि सैनी समाज सदैव सामाजिक समरसता, शिक्षा और संस्कारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

उन्होंने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया।

## किशोरी ने गटका ज़हर, मौत

**बागेश्वर।** दिन भर होली खेलने के बाद किशोरी ने शाम को सल्फास गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव पीएम के लिए जिला अस्पताल बागेश्वर भेजा।

इधर मंगलवार को शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कपकोट थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को एक नाबालिग किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास का सेवन कर लिया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को किशोरी ने दिन में गांव में होली खेली। शाम के समय उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसके माता-पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका है। वह अपनी दादी के साथ रह रही थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में सेपियंस स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल का किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल लेवल ओलंपियाड प्रतियोगिता के अवसर पर सेपियंस स्कूल विकासनगर के विभिन्न विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने कहा कि श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ की ओर जाना ही जीवन का लक्ष्य है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को केवल परीक्षा नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की संस्कृति के लिए तैयार करता है, और आज की यह उपलब्धि उसी सत्त प्रयास का परिणाम है। शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय मंच पर भी विद्यालय के छात्र अनुकरणीय प्रदर्शन कर परिवार का एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाती है।

चयनित विद्यार्थियों में सुकृति, तनवी रावत, परीक्षित पोश्ता, भौमिक ठाकुर (गोल्ड), काव्या थापा, आरव बिष्ट, कनव शर्मा, असिफा (सिल्वर), नैतिक नौटियाल, अक्षत राणा, काव्या शर्मा, ओंकार खाडके (ब्रॉन्ज), सम्मिलित हैं। विद्यालय की ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर 'पूजा रावत' ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा ओलंपियाड प्रतियोगिता में भारतवर्ष को विभिन्न रीजन में विभाजित कर चरणबद्ध परीक्षाएँ आयोजित की गईं। प्रत्येक रीजन के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियों का कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं मनीषा, कामना एवं कॉर्डिनेटर अंजू ममगाईं आदि उपस्थित रहे।

## वसंतोत्सव 2026 में कपिल शर्मा को राज्यपाल पुरस्कार

**■ फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान के लिए हुए सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रूद्रप्रयाग।** देहराद.ून स्थित लोक भवन में आयोजित 'वसंतोत्सव 2026 ख्र फ्लोरल हीलिंग: नेचर्स पाथ टू वेलबीइंग' कार्यक्रम के दौरान रुद्रप्रयाग जिले के ग्राम टिमरिया, (अगस्त्यमुनि) निवासी प्रगतिशील कृषक कपिल शर्मा को फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कपिल शर्मा ने अपने क्षेत्र में आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने संरक्षित खेती (पॉलीहाउस), ड्रिप सिंचाई प्रणाली, उन्नत बीजों का प्रयोग तथा जैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से लागत घटाते हुए गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार किया है। उनके खेतों में मौसमी सब्जियों, उच्च गुणवत्ता वाले फलों तथा विभिन्न प्रजातियों के पुष्पों का उत्पादन किया जाता है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है।

स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी उनका योगदान सराहनीय है। उनके कृषि कार्यों से क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिले हैं। उन्होंने आसपास के किसानों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर आधुनिक कृषि की ओर प्रेरित किया है।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसान प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि कपिल शर्मा द्वारा अपनाई गई उन्नत पद्धतियां अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इससे राज्य में उद्यानिकी को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक चले इस तीन दिवसीय वसंतोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कृषकों, उद्यान विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों और कृषि से जुड़े उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुष्प प्रदर्शनी, कृषि नवाचारों की झलक, जैविक उत्पादों के स्टॉल तथा तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती और बाजार प्रबंधन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

सम्मान प्राप्त करने के बाद कपिल शर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार उनके परिवार और क्षेत्र के सभी किसानों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि किसान आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच को अपनाएं तो कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। समारोह ने प्रदेश में कृषि और पुष्प उत्पादन को नई दिशा देने का संदेश दिया।

## हयोऊ टगरी गांव में आगजनी से बगीचों को हुआ नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** तहसील चकराता की ग्राम पंचायत हयोऊ टगरी के चीलोगी छानी क्षेत्र में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा झाड़ियों में आग लगा दी गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे ग्रामीण थेचक सिंह की बागवानी को भारी नुकसान पहुंचा।

आग की चपेट में आकर थेचक सिंह द्वारा लगाए गए नींबू, नाशपाती, आड़ू और खुमानी के कई फलदार पेड़ पूरी तरह नष्ट हो गए। इसके साथ ही उनके द्वारा एकत्र की गई खाद तथा सिंचाई के लिए रखी गई पाइप भी जलकर खाक हो गई। ग्रामीण ने बताया कि आग किसी शरारती तत्व द्वारा लगाई गई प्रतीत होती है, जिससे मेहनत से तैयार की गई बागवानी को गहरा आघात पहुंचा है। घटना से प्रभावित किसान को आर्थिक क्षति हुई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## एसबी कालेज के विद्यार्थियों ने होली का त्योहार धूमधाम से मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। एसबी कालेज ऑफ एजुकेशन विकासनगर में होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

छात्र छात्राओं ने रंगो के त्यौहार होली पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

कालेज की प्राचार्या डा. सुधा वर्मा ने छात्र छात्राओं को रंग लगाकर अपना आर्शीवाद दिया और रंग बिरंगे पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षकों में डा. अमिता शर्मा, प्रियंका कौशिक, जागृति प्रमार, महिपाल नेगी, अमित सैनी, राखी सोलंकी, अंजली, हिमाद्री, कोमल, मंजरी एवं छात्र छात्राओं में अंशुल, कार्तिक, नेहा, उमा, खुशी, गरिमा, माही, रिषभ, प्रियांशी आदि मौजूद रहे।

## होली पर मुनिकीरेती क्षेत्र में रॉफ्टिंग गतिविधियों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**■ 4 मार्च को होली के अवसर पर राफ्टिंग संचालन रहेगा बंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशानुसार एसडीएम नरेन्द्रनगर आशीष घिल्डियाल ने बताया कि आगामी 4 मार्च होली के अवसर पर मुनिकीरेती, तपोवन, शिवपुरी, ब्यासी एवं कौडियाला आदि क्षेत्रों में राफ्टिंग से संबंधित समस्त गतिविधियों के संचालन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है ।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल के पत्र में उल्लेख किया गया है कि होली पर्व के दिन लाखों की संख्या में बाहरी राज्यों से पर्यटक थाना मुनिकीरेती क्षेत्र आयेगे। थाना मुनिकीरेती, तपोवन, शिवपुरी, ब्यासी क्षेत्र में होटल व्यावसायियों से जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ है, कि थाना मुनिकीरेती क्षेत्रान्तर्गत अधिकांश होटल व कैम्प होली पर्व के लिये पर्यटकों द्वारा बुक कराये जा चुके है, एवं तपोवन क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी काफी वृद्धि दर्ज की गई है। होली पर्व मनाने के लिये मुनिकीरेती क्षेत्रान्तर्गत लाखों की संख्या में पर्यटकों के आने की पूर्ण सम्भावना है, जिससे क्षेत्र में यातायात का काफी दबाव बना रहेगा, तथा शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, साथ ही कोई अप्रिय घटना न हो इस लिए राफ्टिंग से संबंधित गतिविधियों पूर्णत: प्रतिबंधित किया किया गया है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया होलिका दहन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** सोमवार की रात कालाढूंगी नगर के रामलीला मैदान में होली का दहन बड़े हर्षोउल्लास के साथ किया गया, जिसमें दर्जनों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। दहन से पहले, धर्म प्रेमियों ने पूजा-अर्चना की और देश में शांति बनाए रखने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर होली दहन कमेटी ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को रंग खेला जाएगा, जिससे होली की खुशियाँ और भी बढ़ेंगी।

वहीं, सुरक्षा की ख्रष्टि से कालाढूंगी कोतवाली निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पंकज जोशी और अन्य पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। इसके साथ ही, सोमवार को कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रेखा कत्यूरा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा ने सभी नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। होली दहन समारोह में कमेटी के सदस्य मयंक गुप्ता, दीपक मित्तल, हरीश मारवाड़ी, गौरी शंकर, दीपेश मित्तल, धीरज अग्रवाल, करन जोशी, सूरज नेगी सहित अन्य धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

**काशीपुर।** क्षेत्रभर सोमवार की रात्रि में होलिका दहन का आयोजन पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया, जबकि नगर में ही कुछ स्थानों पर मंगलवार को होलिका दहन हुआ। इस दौरान शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजन के बाद प्रज्ज्वलित हुई पावन अग्नि ने बुराई और अहंकार की प्रतीक होलिका जलाई गई। भक्तिभाव से सराबोर जनसमूह ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ परिक्रमा कर आस्था की इस अग्नि में अपने मन के विकारों की भी आहुति दी। नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होलिका दहन स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। कई स्थानों पर होलिका दहन के लिए आकर्षक सजावज की गई, जिसमें सिंघान होली और घास मंडी चौक होली पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इन दोनों ही स्थानों पर आकर्षक ढंक से पानी के फब्बारे लगाकर सजावट की गई और राधा-कृष्ण, शंकर पार्वती आदि की झांकियां काफी आकर्षित रहीं। किला तिराहा, नई सब्जी मंडी सहित कई स्थानों पर मंगलवार को होलिका दहन का आयोजन किया गया। इनमें किला तिराहा की होली को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## एसी के कॉपर पाइप के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने लिवाइस शोरूम में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चोर को चोरी किये कॉपर के पाइप के साथ गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि विगत 1 मार्च को चरन सिंह पुत्र कक्कन सिंह निवासी किलावली, थाना कुण्डा, जनपद उधम सिंह नगर ने कोतवाली काशीपुर में तहरीर देकर कहा था कि रामनगर रोड स्थित लिवाइस कंपनी के शोरूम की छत पर लगे एसी के कॉपर पाइप लगभग 15,000 रुपये के अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। उक्त चोरी की घटना का अनावरण करने हेतु एसएसपी अजय गणपति द्वारा दिए गए आदेश निर्देश क्रम में तथा एसपी स्वप्न किशोर सिंह व सीओ बाजपुर विभव सैनी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह द्वारा एक पुलिस टीम का गठन किया गया तथा पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान चोरी गये एसी कॉपर के पाईप के टुकड़ों के साथ मौहम्मद मोबीन पुत्र कमर अली निवासी सुन्नीतारा मस्जिद के सामने, महेशपुरा, काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# मारपीट और तोड़फोड़ तक पंहुचा गुब्बारे फेंकने का विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में होली का उत्साह शुरू होने से पहले ही घंटाघर-चकराता रोड पर हुई एक घटना ने माहौल तनावपूर्ण कर दिया। पानी से भरे गुब्बारे फेंकने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अफरा-तफरी और पुलिस के बीच-बचाव की कोशिश साफ दिखाई दे रही है।



घटना के अनुसार घंटाघर-चकराता रोड स्थित एक मोबाइल दुकान के बाहर कुछ युवक राहगीरों पर पानी से भरे गुब्बारे फेंक रहे थे। दुकानदारों ने उन्हें ऐसा करने से रोका और कहा कि इससे आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। पहले हल्की बहस हुई और युवक वहां से चले गए। दुकानदारों को लगा कि मामला शांत हो गया है, लेकिन कुछ देर बाद स्थिति बिगड़ गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब आधे घंटे बाद वही युवक बड़ी संख्या में वापस लौटे। आरोप है कि उन्होंने दुकान में घुसकर स्टाफ को बाहर खींचा, गाली-गलौज की और हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान काउंटर के शीशे टूट गए और सामान बिखर गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया। हमले में दुकान के एक युवा स्टाफ को सिर पर गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर पर कई टांके लगे। दुकान मालिक का आरोप है कि हमलावरों के पास डंडे और ईंटें भी थीं और जाते समय उन्होंने धमकी दी। उनका कहना है कि त्योहार के नाम पर इस तरह की घटनाएं छोटे व्यापारियों के लिए चिंता का विषय हैं।घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी के अनुसार तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और सीसीटीवी व वीडियो फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस ने होली के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

# मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे का बड़ा खेल एसटीएफ ने दबोचा संचालक

**देहरादून।** उत्तराखंड को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ ने ऊधमसिंह नगर के गदरपुर में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसटीएफ कुमाऊं यूनिट, ड्रग इंस्पेक्टर और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गदरपुर के एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खेप बरामद की है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में कुमार मेडिकल हॉल के स्वामी राजकुमार (53 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से करीब 9,416 नशीले कैप्सूल 1,300 अल्प्राजोलम टैबलेट और 51 प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप बरामद किए हैं।

## कार्यालय - नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम - जौंक, पौड़ी गढ़वाल

पंचायत भवन, लक्ष्मणझूला, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड - 249302
Email-conpjonk@gmail.com

संख्या : - 1090 / निविदा / मानव संसाधन / 2025-26 दिनांक : 02 मार्च, 2026

**ई-निविदा सूचना (E-Tendering)**

नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक, जनपद-पौडी गढ़वाल द्वारा नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौक मे आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी रखे जाने कार्य हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के प्राविधानों के अनुसार/संस्था/फर्म/कम्पनी/ठेकेदार का चयन किया जाना है। इस हेतु उत्तराखण्ड शासन के पोर्टल https://uktenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना निम्नलिखित विवरण के अनुसार https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा से सम्बन्धित किसी भी परिवर्तन से सम्बन्धित सूचना भी https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा कार्यवाही की तिथियों एवं समय-सारिणी निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | समय सारणी | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन प्रसारण की तिथि | दिनॉक: 02-03-2026 को 11:00 बजे से |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | दिनॉक: 02-03-2026 को 12:00 बजे से |
| 3 | निविदा ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | दिनॉक: 02-03-2026 को 13:00 बजे से दिनॉक: 16-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 4 | निविदा दस्तावेज एवं निविदा शुल्क कार्यालय में दस्ती जमा करने की अन्तिम तिथि | दिनॉक: 16-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 6 | तकनीकि निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक: 16-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 7 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | TBC |
| 8 | निविदा प्रपत्र शुल्क | ₹25000-00 (₹पच्चीस हजार मात्र)+18% GST |

(दीपक कुमार शर्मा)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक,
पौड़ी गढ़वाल।

(बिंदिया अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक,
पौड़ी गढ़वाल।

# आपसी सद्भाव व एकता का संदेश देता है होली पर्व: डॉ. बंसल



■ राज्यसभा सांसद ने दी प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने होली के पावन अवसर पर सभी देश व प्रदेशवा. सियों को शुभकामनाएं दीं है।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि रंगों के त्योहार होली के इस पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।यह त्योहार एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है और भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। डा. बंसल ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियों और अच्छे स्वास्थ्य के रंग भर दे।उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि आपकी होली आनंदमय और सुरक्षित हो। हर्ष, उल्लास और नई ऊर्जा का प्रतीक यह पर्व आपके जीवन में खुशियां और स्वास्थ्य लेकर आए। डा. नरेश बंसल ने कहा कि होली, बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत के आगमन का प्रतीक है।

यह नया उत्साह और नए दृष्टिकोण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली का यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि हम अपने विच. ारों को करुणा से, अपने कार्यों को दयालुता से और अपने महान राष्ट्र के लिए अपनी दृष्टि को आशा से रंगें। डा. बंसल ने कहा कि होली का उत्सव सनातन समाज की एक सुंदर अभिव्यक्ति है,जिसमें सभी उम्र के लोग शामिल होते हैं।होली न केवल भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है, बल्कि इस त्यौहार के माध्यम से पूरे भारत में समुदायों के बीच एकजुटता, सद्भाव और मस्ती की भावना भी उजागर होती है।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
CIN नंबर. L65990MH1991PLC060670

कब्जे की सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)

| ऋण खाता संख्या | कर्जदार(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी (ओं)/कानूनी प्रतिनिधि (ओं) का नाम | मांग नोटिस की राशि और तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHF0965000100250559 | श्री चंदन राणा (उधारकर्ता) तथा श्रीमती अंजू राणा (सह-उधारकर्ता) एवं श्रीमती अनिता (सह-उधारकर्ता) | रु. 31,01,694/- (इकतीस लाख एक हजार छह सौ चौरानवे रुपये मात्र) दिनांक 11.12.2025 तक बकाया। | 02.03.2026 |

दिनांक : 04-03-2026
स्थान : रुड़की, हरिद्वार

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## चंद्र ग्रहण के चलते बंद रहे मंदिरों के कपाट

**अल्मोड़ा।** चंद्र ग्रहण के चलते मंगलवार जिलेभर के मंदिरों के कपाट बंद रहे। सुबह से सूतक काल शुरू हुआ। इसके चलते मंदिरों के कपाट बंद किए और श्रद्धालु दर्शन नहीं कर पाए। मंगलवार सुबह 6:20 बजे चंद्र ग्रहण शुरू हुआ। पुरोहित प्रमोद कुमार लोहनी ने बताया कि हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण के दिन सभी प्रमुख मंदिरों के द्वार ग्रहण खत्म होने तक बंद रखे जाते हैं। इसके अलावा मान्यताओं के अनुसार ग्रहण के दिन भोजन आदि खाद्य पदार्थों में भी तुलसी की पत्ती डालकर ही उन्हें ग्रहण किया जाता है। उन्होंने बताया कि चंद्र ग्रहण शाम 6.50 बजे समाप्त हो गया था, जिसके बाद लोगों ने स्नान शुद्धि करके पुन अपने देवताओं की पूजा अर्चना यथावत आरंभ की मंदिर के कपाट खोले। चंद्र ग्रहण में जो भी दान दिया जाता है, दान अमृत तुल्य माना जाता है। ग्रहण के चलते प्रसिद्ध नंदादेवी, जागेश्वर धाम, बद्रेश्वर, रत्नेश्वर आदि मंदि. रों के कपाट बंद रहे।

## खगमरा में पिंजरें में कैद हुआ गुलदार

**अल्मोड़ा।** नगर के खगमरा में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिका. रियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से पुलिस लाइन, खगमरा समेत कई इलाकों में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी। आए दिन रिहायशी इलाकों में गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही थी। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। वहीं, घरों के आंगन से गुलदार कई कुत्तों को भी उठा ले गया। लोगों की मांग के बाद वन विभाग ने पुलिस लाइन स्थित खगमरा क्षेत्र में पिंजरा लगाया हुआ था। वहीं, मंगलवार तड़के गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। जिसे रेस्क्यू कर विभाग ने एनटीडी स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया है। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्य ने बताया कि शिकायत मिलने पर क्षेत्र में विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। पकड़े जाने के बाद गुलदार को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है।

## डोबा गांव से सटे जंगल में धधकी आग

**अल्मोड़ा।** जिले में तापमान बढ़ने के साथ ही वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी है। मंगलवार को दिन में हवालबाग विकासखंड के डोबा गांव से सटे जंगल अचानक आग से धधक उठी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। जिले के जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई है। मंगलवार दिन में हवालबाग ब्लॉक के ग्राम पंचायत डोबा के जंगलों में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख लोगों में भी हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर सर्विस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## हुड़दंग करने पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दन्या पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। मंगलवार को थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग कर अभद्र व्यवहार करने तथा आसपास के लोगों को परेशान करने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रमेश सिंह पुत्र कल्याण सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आमजन की शांति भंग करने और त्योहार के माहौल में व्यवधान उत्पन्न करने पर आरोपित के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की।

## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक सं०- 2640/VI/हो०यू०/2026-27 दिनांक 02/03/2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत देहरादून के क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग/यूनीपोल की व्यवस्था को नियन्त्रित/प्रबन्धित किये जाने के कार्य को प्रचलित उपविधि के अनुसार एक वर्ष अर्थात 01.04.2026 से 31.03.2027 तक शुल्क वसूली हेतु ठेके के माध्यम से कराया जाना है, जिस हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारी से शीलबन्द निविदायें दिनांक 18-03-2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। नीलामी की मुख्य शर्ते निम्नवत् है-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में शील बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी। लिफापों के बाहर साफ ढंग से मोटे-मोटे अक्षरों में "**होर्डिंग/यूनतीपोल शुल्क वसूली हेतु निविदा**" लिखा होनाचाहिए। निविदा प्रपत्र रु० 1,000/-(जी०एस०टी० 18 प्रतिशत अलग से देय) शुल्क जमा करदिनांक 17-03-2025 सांय 5.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. **एक लिफाफे में निविदा से संबंधित समस्त अपेक्षित प्रमाण पत्र/अभिलेख रखें जायेगे तथा दूसरेलिफापों में जिला पंचायत कार्यालय से कय किया गया निविदा प्रपत्र जिसमें दरें अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट अंकित की गई हो, रखा जायेगा। तद्नुत्तार प्रमाण पत्र/अभिलेख वाले लिफाफे पर तकनीकि निविदा (Technical Bid) तथा दरों वाले लिफाफे पर वित्तीय निविदा (Financial Bid) मोटे अदारों में लिखकर एवं लिफाफों को भलिगीति बन्द कर (चिपकाकर) एक तीसरे बड़े लिफाफे के अन्दर रखकर बढ़ा लिफाफा सील कर लिफाफे केऊपर निविदा का नाम तथा उसके नीचे प्रेषिती का नाम, पता मोबाइल नम्बर सहित अंकित करना होगा।**
3. यह निविदा मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर रिट पिटीशन संख्या 2519 ऑफ 2019 मैसर्स रेहू एडवरटाइजिंग प्राईवेट कम्पनी एवं अन्य बनाम राज्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 27-08-2019 के अधीन होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।
4. निविदा प्रपत्र में ठेके की धनराशि साफ-साफ अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य है। कार्यालय जिला पंचायत द्वारा ठेके की न्यूनतम धनराशि रु० 12,68,500/- (रू० बारह लाख अड़सठ हजार पांच सौ मात्र) निर्धारित है।
5. निविदादाता को उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
6. निविदा प्रपत्र के साथ न्यूनतम धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि अर्थात रू० 1,26,900/- की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/एन०एस०सी० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के पदनाम से बंधक हो. प्रतिभूति / जमानत राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कम से कम रू0 20.00 लाख का हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से पुराना न हो एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता पर जिला पंचायत, देहरादून की किसी भी प्रकार की कोई देयता शेष नहीं होनी चाहिए। यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदादाता पर जिला पंचायत की कोई देयता निकलती है, तो उसका ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
9. उच्चतम निविदादाता जिसकी निविदा स्वीकार की जायेगी को निविदा की 50 प्रतिशत धनराशि निविदा खुलने के तुरन्त बाद कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा शेष 50 प्रतिशत धनराशि जमा करने का उल्लेख अनुबंध विलेख में किया जायेगा। यदि उच्चतम निविदादाता द्वारा 50 प्रतिशत धनराशि तुरन्त कार्यालय में जमा नहीं कराई जाती अथवा ठेका लेने से इन्कार किया जाता है, तो उनकी संम्पूर्ण जमानत / प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय उच्चतम निविदादाता को अधिमान देते हुए उसकी निविदा स्वीकृत किये जाने पर विचार किया जायेगा।
10. ठेकेदार को अनुबंध के समय ठेके की कुल धनराशि के 02 प्रतिशत धनराशि के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प कार्यालय मैं जमा कराने अनिवार्य होगें।
11. ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने, ठेके की शर्तों में परिवर्तन करने अथवा आमंत्रित निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा।
12. ठेके से सम्बन्धित किसी भी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्र देहरादून होगा।
13. ठेके से संबंधित अन्य कोई भी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञांत की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, देहरादून।**

## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक सं०- 2641/VI/यू०कि०/2026-27 दिनांक 02/03/2026

**"अल्प कालीन निविदा सूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला पंचायत देहरादून द्वारा जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत स्थापित कुल 40 यूनीपोलों जिनकी संख्या घट-बढ़ भी सकती है, को व्यवसायिक उपयोग हेतु एक वर्ष अर्थात 01.04.2026 से 31.03.2027 तक के लिये किराये पर दिया जाना है, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 18-03-2026 अपरान्ह 02.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित, निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। नीलामी की मुख्य शर्ते निम्नवत् है:-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में शील बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी। लिफाफे के बाहर साफ ढंग से मोटे-मोटे अक्षरों में "**यूनीपोल को किराये पर लेने हेतु निविदा**" लिखा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र रू0 1,000/-(जी०एस०टी० 18 प्रतिशत अलग से देय) शुल्क जमा कर दिनांक 17-03-2026 सांय 5.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. **एक लिफाफे में निविदा से संबंधित समस्त अपेक्षित प्रमाण पत्र/अभिलेख रखें जायेगें, तथा दूसरे लिफाफे में जिला पंचायत कार्यालय से क्रय किया गया निविदा प्रपत्र जिसमें दरें अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट अंकित की गई हों, रखा जायेगा। तद्नुसार प्रमाण पत्र/अभिलेख वाले लिफाफे पर तकनीकि निविदा (Technical Bid) तथा दरों वाले लिफाफे पर वित्तीय निविदा (Financial Bid) मोटे अक्षरों में लिखकर एवं लिफाफों को भलिभॉति बन्द कर (चिपकाकर) एक तीसरे बड़े लिफाफे के अन्दर रखकर बड़ा लिफाफा सील कर लिफाफे के ऊपर निविदा का नाम तथा उसके नीचे प्रेषिती का नाम, पता मोबाईल नम्बर सहित अंकित कर प्रेषित करना होगा।**
3. स्थापित यूनीपोलों का विकास खण्डवार विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | विकासखण्ड | यूनीपोलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | चकराता | 09 |
| 2 | कालसी | 09 |
| 3 | विकास नगर | 02 |
| 4 | सहसपुर | 12 |
| 5 | डोईवाला | 08 |
| | **योग-** | **40** |

4. पुनीपोल के किराये की न्यूनतम धनराशि रू0 5.500/-(रु० पांच हजार पांच सौ मात्र )प्रति यूनीपोल प्रतिमाह निर्धारित है। निविदा प्रपत्र में प्रति यूनीपोल के किराये की धनराशि साफ-साफ अंकों एवं सब्दों में लिखना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
6. निविदा प्रपत्र के साथ कुल 40 यूनीपोलों की वार्षिक किराये की कुल न्यूनतम धनराशि रू0 26,40,000/- की 10 प्रतिशत धनराशि रू० 2,64,000/- (रु० दो लाख चौसठ हजार मात्र) की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/एन०एस०सी० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के पदनाम से बंधक हो, प्रतिभूति/जमानत राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कम से कम रू0 20.00 लाख का हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से पुराना न हो, स्थायी निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता पर जिला पंचायत, देहरादून की किसी भी प्रकार की कोई देयता शेष नहीं होनी चाहिए। यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदादाता पर जिला पंचायत की कोई देयता निकलती है, तो उसका ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
9. उच्चतम बोलीदाता जिसकी निविदा स्वीकार की जायेगी को स्वीकृत किराये की धनराशि प्रत्येक माह की 07 तारीख तक कार्यालय में जमा करानी होगी। यदि उच्चतम निविदादाता द्वारा निविदा स्वीकृति उपरान्त ठेका लेने से इन्कार किया जाता है, तो उनकी संम्पूर्ण जमानत / प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी, तथा द्वितीय उच्चतम निविदादाता को अधिमान देते हुए उसकी निविदा स्वीकृत किये जाने पर विचार किया जायेगा।
10. ठेकेदार को अनुबंध के समय किराये की कुल धनराशि के 02 प्रतिशत धनराशि के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प कार्यालय में जमा कराने अनिवार्य होगें।
11. ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत करने, ठेके की शर्तों में परिवर्तन करने अथवा आमंत्रित निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा।
12. ठेके से सम्बन्धित किसी भी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्र देहरादून होगा।
13. ठेके से संबंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, देहरादून।**

### लक्ष्मी शुगर मिल के कर्मचारियों को 18 महीने से नहीं मिला वेतन

# अब परिवारजन कैसे मनाएंगे होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर लक्ष्मी शुगर मिल में कार्यरत कर्मचारियों को 18 माह से वेतन नहीं मिलने से उनका होली का त्यौहार भी नहीं मन पा रहा है। शुगर मिल परिसर में धरना प्रदर्शन दे रहे कर्मचारियों का कहना है कि कोई भी त्यौहार खाली जेब नहीं मनता है। खाली जेब हो तो आदमी की सभी खुशी गायब हो जाती है तथा अपने भी पराए हो जाते हैं। शुगर मिल कर्मचारियों का होली के इस पावन त्यौहार पर भी धरना प्रदर्शन जारी है।

लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत है ।इन कर्मचारियों को 18 माह से वेतन नहीं मिल पाया है ।इसी को लेकर शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा दिया जा रहा धरना प्रदर्शन को दो माह चार दिन हो गए हैं। शुगर मिल कर्मचारी होली के इस पावन त्योहार पर भी शुगर मिल परिसर में धरना प्रदर्शन दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि डेढ़ साल से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके तथा उनके परिजनों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मात्र एक माह का वेतन कर्मचारियों को दिया गया है। इसमें भी कुछ कर्मचारी जो संविदा पर है उनका वेतन नहीं मिल पाया है ।उन्होंने इन दो माह में



प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर विधायक जनप्रतिनिधियों तक से अपनी पीड़ा बताई है। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ है। विधायक जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी कई बार उनके बीच में आए तब जाकर एक माह का वेतन उन्हें मिल पाया है। यह मिला एक माह का वेतन ऊंट के मुंह में जीरा डालने के समान है। इस एक माह के वेतन से दुकानदारों की उधारी भी नहीं चुका पाए हैं ।वेतन न मिलने से आर्थिक तंगी झेल रहे हैं ।इस अवसर पर महकार सिंह सत्येंद्र कुमार नाजिम अली शेखी अहमद शिव कुमार गुलशन मदन सिंह प्रहलाद राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति का कहना है कि इकबालपुर शुगर मिल के हालात लगातार खराब चल रहे हैं ।इस बार शुगर मिल में गन्ने की पेराई का काम भी नहीं हो पाया है ।जिससे शुगर मिल की स्थिति और भी खराब होती दिखाई दे रही है। आने वाले विधानसभा सत्र में इकबालपुर शुगर मिल कर्मचारियों को वेतन न मिलने का मामला जोर शोर से उठाया जाएगा।

# तेज हवाओं से किसानों की पानी लगी हुई फसल तबाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कई रोज से लगातार तेज हवाएं चलने से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल मैं पानी लगाते ही गेहूं की फसल धराशाही होती जा रही है। जिससे किसानों को गेहूं की फसल में मुनाफे की जगह नुकसान होता नजर आ रहा है। कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र निवासी किसान गुड्डू वर्मा, राजपाल, यशवीर, कपिल सैनी ,रोहताश, कुलदीप, प्रदीप, सुखपाल, योगेश त्यागी, प्रमोद, बीरम सिंह आदि का कहना है कि किसान के भाग्य की लकीरें मौसम की मेहरबानी पर टिकी होती हैं।,परंतु पिछले कुछ दिनों से चल रही तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में गेहूं की फसल जिसमें किसानों द्वारा पानी दे दिया गया है जमीन पर बिछ गई है। गेहूं की फसल में बाली आते समय एक पानी अवश्य दिया जाता है जिससे गेहूं का दाना अच्छा स्वस्थ हो सके। इस समय किसानों द्वारा हाल ही में अपनी गेहूं की फसल की अंतिम सिंचाई की जा रही हैं। सिंचाई के तुरंत बाद चली तेज हवाओ से गेहूं की फसल धराशाही हो गई हैं। फसल जमीन पर गिरने से गेहूं की पैदावार में कमी आ जाती है वहीं दूसरी ओर गेहूं की फसल को काटने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ जाती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, गिरी हुई फसल में दाना पूरी तरह पुष्ट नहीं हो पाता, जिससे उत्पादन में 25% से 40% तक की कमी आ सकती है । जमीन पर गिरी गेहूं की फसल की कटाई मशीनों से संभव नहीं पाती हैं। जिससे किसानों को मजदूरी पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल को पैदा करने के लिए खाद, बीज और सिंचाई पर हजारों रुपये खर्च किए जाते है। अब जब फसल घर आने का समय नजदीक आता जा रहा है, तो प्रकृति फसल को बर्बाद कर रही है। किसान वर्तमान में बढ़ती लागत से परेशान हैं, और अब इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़ दी है। जो किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। किसानों का कहना यह भी कहना है कि जिस किसान भाई ने अभी तक अपने गेहूं के खेत मैं खड़ी फसल की सिंचाई नहीं की है वह हवा बंद होने पर ही गेहूं की फसल की सिंचाई करें।

## क्षेत्र के लोगों के ईरान में फंसने पर मंगलौर विधायक ने मुख्य सचिव को लिखा खत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ईरान में हुई जंग के चलते मंगलौर क्षेत्र के कई लोगों के फँसे होने की सूचना के बाद मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने पूरे मामले में गंभीरता जताते हुए उत्तराखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र भेजकर जल्द से जल्द फँसे हुए लोगों को हिंदुस्तान बुलाने की बात कही है



विधायक का कहना है कि उत्तराखंड सचिव की तरफ से एक जवाब भी उनके पास आ चुका है और उन्होंने भी उनकी सूचना पर गंभीरता से अमल करते हुए ईरान में फँसे सभी लोगों की पूरी जानकारी माँगी है। जिसे जुटाने में विधायक निजामुद्दीन ने कोशिश शुरू भी शुरू कर दी है। विधायक काजी निजामुद्दीन का कहना है कि उन्हें उम्मीद है सभी फँसे हुए लोग जल्द ही सकुशल वापस लौट आएंगे।

## कांग्रेस नेताओं ने किया होली मिलन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कांग्रेस नेताओं ने आदर्श नगर स्थित पैलेस में सामूहिक होली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण रंगों, उत्साह और आपसी सहयोग की भावना से सराबोर रहा।

होली मिलन कार्यक्रम में प्रेम और एकता का संदेश देते हुए कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता तथा महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र चौधरी ने कहा कि होली का त्यौहार हमको मिलजुल कर रहने और आपसी सौहार्द का संदेश देता है।होली मिलन समारोह के विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलौरी ने कहा कि होली मिलन,दीवाली मिलन और ईद मिलन जैसे कार्यक्रम हमारे देश की मिली जुली संस्कृति का प्रतीक हैं। कांग्रेसियों ने तथा सामाजिक एकता, महिला सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती पर बल दिया। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता तथा महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र चौधरी ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस



सदैव महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक समानता और संगठन की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का वातावरण रंगों, उत्साह और आपसी सहयोग की भावना से सराबोर रहा। इस अवसर पर अनेक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शान्ति व्यवस्था भंग करने पर 6 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने शान्ति व्यवस्था भंग करने पर 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पकडा है।

जानकारी के अनुसार थाना भगवानपुर पर दो पक्ष झगडा कर एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू थे प्रथम पक्ष अपनी पुत्री को ससुराल ग्राम पुहाना से अपने साथ मेरठ ले जाना चाहते थे तथा द्वितीय ससुराल पक्ष उक्त महिला को प्रथम पक्ष के साथ नही भेजना चाहते थे व इसी बात को लेकर आमदा-फसाद हो रहे थे। दोनो पक्षो को भगवानपुर पुलिस द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया परंतु आमदा फसाद रहे तथा मारपीट व झगड़ा पर उतारू हो गये। मौके पर शान्ति भंग होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख निम्न 06 व्यक्तियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लिया गया। कार्यवाई नही किया जाता तो अवश्य कोई संज्ञेय अपराध कारित कर सकता थे। नाम पता आरोपी-1.अब्दुल पुत्र अलाउदीन नि0 सांझा कालोनी गली नं0 7 थाना लिसाडी गेट मेरठ उ0प्र0। 2.अजहर पुत्र नौशाद नि0 समर गार्डन 25 फोट रोड थाना लिसाडी गेट मेरठ उ0प्र0। 3.मजहर पुत्र नौशाद नि0 समर गार्डन 25 फोट रोड थाना लिसाडी गेट मेरठ उ0प्र0। 4.इसरार पुत्र अब्दुल रहमान नि0 पुहाना कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 5.आजाद पुत्र रकीम नि0 पुहाना कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 6.शहजाद पुत्र रफीक नि0 पुहाना कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार हैं।

## नशेड़ी कार चालक ने की यातायात पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सोमवार शाम नगर निगम चौक पर चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यातायात पुलिस को वायरलेस सेट के माध्यम से सूचना मिली कि एक काले रंग की कार तेज गति से नगर निगम चौक की ओर आ रही है और चालक के शराब के नशे में होने की आशंका है।

सूचना मिलते ही नगर निगम चौक पर चेकिंग कर रहे यातायात वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुशील सैनी ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ सतर्कता बढ़ा दी। कुछ ही देर में संदिग्ध कार सामने से आती दिखाई दी, जिसे रोकने का इशारा किया गया। कार चालक ने वाहन तो रोक दिया, लेकिन नीचे उतरने से इनकार कर दिया। जब पुलिस ने चालक को बाहर आने के लिए कहा तो उसने पहले गाड़ी को पीछे किया और फिर अचानक तेज रफ्तार से कलियर की ओर भाग निकला। इस दौरान गाड़ी को रोकने के लिए खड़े पुलिसकर्मियों और स्वयं वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जान पर बन आई, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। तत्काल दो यातायात कांस्टेबल मोटरसाइकिल से उसके पीछे रवाना हुए और वायरलेस के जरिए कलियर व आसपास चेकिंग कर रही पुलिस टीमों को सूचना दी गई। पीछा करते हुए पुलिस ने कुछ दूरी पर कार को घेरकर रोक लिया।जांच में पाया गया कि चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है और चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**रुड़की।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी हैं। कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी किशोरी का कुछ पता नहीं लग पाया। वहीं उसने तहरीर में बताया कि किशोरी अपने साथ नगदी और जरूरी सामान साथ लेकर गई है। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पानी निकासी को लेकर मारपीट, 15 पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** धीरमजरा गांव में पानी की निकासी को लेकर विवाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गत दिवस धीरमजरा गांव में पानी की निकासी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से मारपीट हुई, जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। एक पक्ष की ओर से धीरमजरा निवासी महिला सरोज ने राजू, बिजेंद्र, शुभम, आकाश, अजय और अक्षय सभी निवासी धीरमजरा, थाना भगवानपुर के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

## रुड़की में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** होली पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सोमवार को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च निकाला।

जानकारी के अनुसार होली पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी तथा यह भी सूचित कराया की शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। एसपी देहात ने बताया कि फ्लैग मार्च सिविल लाइन एवं गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में निकाली गई। इसमें सीओ नताशा सिंह, गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर मनीभूषण श्रीवास्तव, सिविल लाइन कोतवाली इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्रनाथ आदि मौजूद रहे।

## पति पर गला दबाकर मारने के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेड़ी गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के पति और ससुराल वालों पर उसके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि पतु ने गला दबाकर उसको मारने की कोशिश भी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार लिब्बरहेड़ी निवासी इत्तरपाल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री पारुल का विवाह 2017 में सुमित कुमार निवासी बुडपुर जट के साथ किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही सुमित पारुल के साथ मारपीट करने लगा। बीती 22 फरवरी की रात आरोपी ने पारुल के साथ मारपीट की।

## परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया है। नशा करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

परिवहन कर अधिकारी एआरटीओ रुड़की रविंद्र सैनी ने बताया कि आज छुट्टी है उसके बाद भी नशा करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा होली का त्यौहार है सभी हंसी-खुशी मनाते हैं और इसीलिए कैमरे लगाए गए हैं जिससे ओवर स्पीड चेक की जा सके जो भी वहांन तेज गति से चलाए जा रहे हैं। उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कुछ व्यक्ति नशा करके अपने वाहन तेज गति से चलाते हैं और किसी दूसरे को बड़ा नुकसान पहुंचा देते हैं। उन्होंने कहा इसीलिए आज ओवर स्पीड कैमरा लगाया जा रहा है जिससे जो भी तेज गति से वहांन चलाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के द्वारा बनाए गए नियम का पालन करें और अपने आपको व दूसरे को भी सुरक्षित रखें।



## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रुड़की।** औद्योगिक क्षेत्र में गश्त अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह इधर-उधर भागने लगा। पुलिस ने कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 48 देसी शराब के पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय कुमार निवासी सिसौना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## एचडीएफसी संस्थान भरने लगा वीरान रोडवेज में रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एचडीएफसी बैंक की पहल पर रोडवेज परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में संस्थान ने विभागीय अधिकारियों से अनुमति लेकर इस कार्य का जिम्मा उठाया था, जिसके बाद तेजी से काम प्रारंभ कर दिया गया। रोडवेज परिसर की जर्जर हो चुकी भवन संरचना की मरम्मत की जा रही है। बाहरी दीवारों पर पहले सीमेंट प्लास्टर कराया जा रहा है, उसके बाद आकर्षक रंग-रोगन किया जाएगा, ताकि वर्षों से फीकी पड़ चुकी इमारत को नया रूप मिल सके। परिसर की दीवारों पर साफ-सफाई के साथ समतलीकरण का कार्य भी जारी है। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक टॉयलेट का निर्माण भी एचडीएफसी संस्थान की ओर से कराया जाएगा।

### होली के मौके पर रामनगर रामलीला मैदान में फाग महोत्सव का आयोजन

# गुजरात व वृंदावन के कलाकारों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री राधा माधव सेवा मंडल की ओर से होली के मौके पर रामनगर स्थित रामलीला मैदान में 20वां फाग महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वृंदावन व गुजरात से आए कलाकारों द्वारा भजनों व झांकियों की प्रस्तुति दी।

रामनगर स्थित रामलीला मैदान में होली मिलन कार्यक्रम में लठमार होली, लड्डू होली, फूलों की होली व भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायक नितिन कथुरिया व भैया माधव भाटिया ने होली के गीतों व भजनों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक श्री नितिन कथुरिया व भैया माधव भाटिया द्वारा अनेकों भजन की अमृत वर्षा की गई। जिसमें सांवरिया ने डालो है रंग हाय मैं रंगीली हो गई। आजा लग जा गले नंदलाल आज होली आई रे। फूलों में सज रहे श्री वृंदावन बिहारी, रंग में रंग दई बांह पकड़ लई लाजन मर गई होली में ,नी में नचना श्याम दे नाल नी आज मैनु नच लेंन दे ,बाजे बरसाने में नगाड़ा की होली आई सारा सारा, श्याम होली खेलने आई तेरे सालियां वे, तुम संग होली खेलूंगी, चढ़ गई चढ़ गई श्याम रंग होली में, आज बिरज में होली रे रसिया होली, खेले तो आ जाइए बरसाने रसिया, होली खेल रहे बांके बिहारी,मोहन को



बनावो नार, कान्हा पिचकारी मत मार मेरी सास लड़ेंगी, होली खेलनी ऐ आज तेरे नाल ओ वृन्दावन रहन वालेया, मेरी चूनरी में पड़ गए दाग रे, मेरे कान्हा जो आये पलट के आज होली मैं खेलूंगी डट के, चढ़ गई चढ़ गई श्याम होली में आदि भजनों की प्रस्तुति दी। होली के इन भजनों पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। भजन संध्या के बाद प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया।

# लक्सर पुलिस ने लाखों के खोए हुए मोबाइल फोन किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनता के विश्वास को मजबूत करते हुए कोतवाली लक्सर पुलिस ने एक बार फिर शानदार कार्य करते हुए 18 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग ₹3,03,562 बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन रिकवरी" अभियान के तहत पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली लक्सर के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर ट्रेस कर मोबाइल फोन रिकवर किए।

पुलिस के अनुसार बरामद किए गए मोबाइल फोन केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से बरामद किए गए। इसके बाद आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द कर दिए गए।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 3,03,562/- के विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन



बरामद किए गए हैं और उनके स्वामियों को लौटा दिए गए हैं। वहीं अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई मोबाइल स्वामी दूसरे राज्यों से लक्सर पहुंचे और फोन प्राप्त करने के बाद पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीएम धामी ने लिया गृहमंत्री शाह के हरिद्वार दौरे की तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का उत्तराखण्ड आगमन राज्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाओं एवं अग्निशमन व्यवस्था को पूर्ण रूप से तत्पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सर्वोपरि है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान सीएम ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए पुलिस को पुरा प्लान तैयार करने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति न हो यातायात सुचारू रहें ताकि आमजनमानस को असुविधा न होने पाये।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कि जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, मेयर हरिद्वार किरन जैसल, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एमडी शिडकुल सौरव गैहरवार, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



**■ 7 मार्च को उत्तराखंड आएंगे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ■ हरिद्वार बैरागी कैम्प में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की व्यवस्था का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण ■ अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व शहर विधायक मदन कौशिक रहे मौजूद**

# अपहरण और फिरौती कांड का चंद घंटों में खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**■ दून पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**विकासनगर।** दून पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विकासनगर क्षेत्र में हुए अपहरण और फिरौती के मामले का चंद घंटों में खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बीती 2 मार्च को वादिनी पुष्पा देवी, निवासी भोजावाला, विक. ासनगर ने कोतवाली विकासनगर में शिकायत दर्ज करवाई की कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन संख्या यूके-07-एफएस 4482 और एक मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचे, जबरन अंदर घुसे और उनके पुत्र शक्ति पुंडीर के साथ मारपीट कर उसे कार में बैठाकर ले गए। कुछ समय बाद अज्ञात नंबर से कॉल कर युवक को सुरक्षित छोड़ने के बदले एक लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर कोतवाली विकासनगर में तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, संदिग्ध वाहन और उसके स्वामी की जानकारी जुटाई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

टीम की प्रभावी कार्रवाई के चलते उसी रात अपहृत युवक शक्ति सिंह को विकासनगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया और घटना में शामिल पांचों आरो. पियों 1.विकास वैरागी (35 वर्ष) निवासी सहारनपुर,2. नीरज (34 वर्ष) निवासी सहारनपुर, 3.प्रवीन (44 वर्ष) निवासी विकासनगर,4. सचिन (31 वर्ष) निवासी जीवनगढ़ विकासनगर,5. नवीन (27 वर्ष) निवासी डाकपत्थर विकासनगर को गिरफ्तार किया।

आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से ऐसे युवकों को निशाना बनाते थे जो नशे के आदी हों। वे स्वयं को किसी धार्मिक संगठन से जुड़ा बताकर उन्हें जेल भेजने की धमकी देते और ब्लैकमेल कर धन उगाही करते थे।

इस प्रकरण में भी आरोपियों ने युवक पर मादक पदार्थों की तस्करी का झूठा आरोप लगाकर उसे पुलिस के हवाले करने की बात कही और जबरन अपने साथ ले गए थे। बाद में परिजनों से एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई।

# आओ मिलकर प्यार, भाईचारा एवं सद्भाव के रंगों से देवभूमि को करें सराबोर: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने पार्टी कार्यकर्ताओं समेत समस्त प्रदेशवासियों को रंगोत्सव श्होलीश की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सभी से आपसी प्यार, भाईचारा और सद्भाव के रंगों से देवभूमि को सराबोर करने का आग्रह किया है।

हम सब खुशनसीब है कि दुनियाभर में युद्ध के माहौल में भी, भारत शांतिपूर्ण तरीके से रंगों के उत्सव में मस्त है।

अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा, होली के रंग, सबके जीवन में खुशियों और उमंगों की बहार लेकर आए। ये उत्सव हमें व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और प्रदेश के विकास में सहभागी बनने के लिए दुगनी ऊर्जा का संचार करें। वहीं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया कि हमेशा की तरह इस उत्सव में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज की एकरूपता और सद्भाव की मजबूती में सक्रिय भूमिका निभाएं।

दुनिया में अनेक स्थानों पर जारी जंगो का हवाला देते हुए उन्होंने कहा हम बेहद खुश नसीब है कि भारत में हैं। जहां पीएम मोदी के नेतृत्व देश शांतिपूर्ण और सद्भावना के साथ होली और रमजान के त्योहार को साथ साथ मना रहा है। विश्व में अशांति के इस चंद्रग्रहण से हमारा देश अछूता है क्योंकि भारत विकास और कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है। जिसमें नेतृत्व के साथ देश की जनता की बहुत अहम भूमिका है। क्योंकि हमारे लिए त्यौहार का मकसद उमंग और उत्साह के साथ नवीन ऊर्जा को एकत्र करना। ताकि समाज के कल्याण और देश के निर्माण में फिर से एकजुटता से लग जाएं।



**■ कहा, होली के रंगों से सबके जीवन में खुशियां और उमंग बरसे ■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं समेत समस्त प्रदेशवासियों को रंगोत्सव 'होली' की दी शुभकामनाएं**

## डीएम सविन बंसल के प्रयास ला रहे रंग

# मुख्यधारा से जुड़ने लगा सड़क पर बिखरा बचपन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** जिलाधिकारी सविन बंसल के संवेदनशील एवं दूरदर्शी प्रयासों से सड़क पर भटकता और भिक्षावृत्ति व बालश्रम में संलिप्त बचपन अब शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने लगा है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित आधुनिक इंटेंसिव केयर सेंटर ऐसे बच्चों के जीवन में नई आशा की किरण बनकर उभरा है। कभी मुरझाए हुए चेहरों पर अब त्योहारों की खुशियां दिखाई दे रही हैं। उनकी आंखों में भविष्य के सुनहरे सपने संजोए जा रहे हैं। आधुनिक इंटेंसिव केयर सेंटर में न केवल उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है, बल्कि उनके भविष्य की स्पष्ट दिशा भी तय की जा रही है।

जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल के तहत अब तक 174 से अधिक बच्चों को भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। रेस्क्यू अभियान के माध्यम से चिन्हित बच्चों को आधुनिक केयर सेंटर में लाकर काउंसलिंग, ब्रिज कोर्स, नियमित शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं मानसिक संबल प्रदान किया जा रहा है।हारिश, कक्षा 6, साधुराम इंटर कॉलेज का छात्र है। वह शारीरिक रूप से अत्यंत सक्रिय है और सभी प्रकार की खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। वह मई माह 2025 में आईसीसी से जुड़ा था। उससे पहले वह किसी भी विद्यालय में नामांकित नहीं था और उसे औपचारिक स्कूली शिक्षा का पूर्व अनुभव भी नहीं था। आईसीसी से जुड़ने के बाद अगस्त 2025 माह में उसे कक्षा 6 में साधुराम इंटर कॉलेज में मुख्यधारा में प्रवेश दिलाया गया। विद्यालय में प्रवेश के बाद उसने नियमित उपस्थिति दर्ज कराई है तथा प्रत्येक खेल गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सक्रियता और प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में संबंधित विभागों की समन्वित कार्यवाही से इन बच्चों को औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसके साथ ही सेंटर में संगीत, योग, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज जो बच्चे कभी सड़कों पर थे, वही अब विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं, खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।



**■ मुरझाए हुए चेहरों पर अब दिखने लगी खुशियां ■ आधुनिक इंटेंसिव केयर सेंटर के बच्चों ने खेली होली ■ भिक्षा से मुख मोड़ अब शिक्षा; खेल मेडल की ओर बढ़ते कदम**

### त्योहारों में शामिल हो रहा बचपन

हाल ही में सेंटर के बच्चों ने उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। रंगों के साथ खिलखिलाती हंसी यह संदेश दे रही थी कि अब यह बचपन उपेक्षा का नहीं, बल्कि अवसरों का प्रतीक है। तीज-त्योहारों में सहभागिता से बच्चों में आत्मविश्वास एवं सामाजिक जुड़ाव की भावना विकसित हो रही है।

# होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे व सामाजिक समरसता का प्रतीक: पुंडीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन सोमवार को श्री कमलेश्वर महादेव मंदिर, जीएमएस रोड, काँवली, देहरादून में अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामा. जिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों, युवाओं एवं श्रद्धालुजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। सभी ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ एक-दूसरे को रंगों के इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए होली की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया, जिनमें स्थानीय कलाकारों एवं बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति, परंपरा और लोक कला की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने इस अवसर पर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी संवाद और सहयोग को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मकता, सौहार्द और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।उन्होंने क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी लोग ऐसे सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें और भारतीय परंपराओं को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।यह कार्यक्रम क्रीड़ा भारती देवभूमि मास्टर्स एथलेटिक्स एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन श्री अग्रसेन चौरिटेबल अस्पताल श्री कमलेश्वर महादेव मंदिर समिति जेपी फाउंडेशन एवं आप और हम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है, ताकि सभी लोग मिलकर इस पावन पर्व को प्रेम, आनंद और उत्साह के साथ मना सकें तथा सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



**■ होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन ■ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई देकर साझा की खुशियां**

# सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए होली पर्व: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री आवास एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा परिवार के सभी कार्यकर्ताओं को अबीर-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोहों में सहभागिता की। उन्होंने ऑल इंडिया गोरखा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन तथा पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर पूर्व सैनिकों को होली की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। मंत्री गणेश जोशी ने मंगल. कामना करते हुए कहा कि यह होली सभी के जीवन में रंगों की तरह खुशियां और समृद्धि लेकर आए। इस अवसर पर कर्नल राजेंद्र सिंह क्षेत्री, कैप्टन दिनेश प्रधान, राजीव गुरुंग, ज्योति कोटिया, मनोज क्षेत्री, पीबीओआर अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।













## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)

पत्रांक- मैमो / 2025-26 दिनांक-03-03-2026

**समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की नगर पालिका परिषद कालाढूंगी की ओर से हार्दिक बधाई**

निवेदन:-

1. स्वच्छ सर्वेक्षण में निकाय का सहयोग करें।
2. शहर को स्वच्छ व साफ रखें।
3. नगर पालिका परिषद कालाढूंगी को खुले में ODF++ शौच मुक्त घोषित किया जाने में सहयोग करें
4. अपने नगर को स्वच्छता ऐप Voter for Your City" प्लेस्टोर से डाउनलोड करें। अपने नगर को वोट करें।
5. कूड़ा सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर न फैंके।
6. कूड़ा उठाने वाली गाड़ी को (अजैविक कूड़ा) ही दें। तथा जैविक कूड़े का निस्तारण अपने घर में पिट बनाकर डाले तथा जैविक खाद बनाये ।
7. नाली के ऊपर व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।
8. पॉलीथीन का प्रयोग न करें तथा कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
9. खुले में शौच न करें।
10. मा0 उच्च न्यायालय की कूड़े के शिकायत हेतु निर्धारित E-mail ID-solidwaste-complaint@uk.gov.in में शिकायत की जा सकती है।



**(रेखा कत्यूरा)**
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद कालाढूंगी

1. श्री रोहित बुढ़लाकोटी सभासद वार्ड 1
2. श्रीमती सुमन अधिकारी सभासद वार्ड नं.- 2
3. श्री सरवर अली सभासद वार्ड न०-3
4. श्रीमती नसीम जहाँ सभासद वार्ड न०- 4
5. श्री समा परवीन सभासद वार्ड न०-5
6. श्री हरीश सिंह मेहरा सभासद वार्ड न०-6
7. श्रीमती चन्द्रा टम्टा सभासद वार्ड न०-7

निवेदक: अभिनव कुमार, अधिशासी अधिकारी व समस्त कर्मचारीगण। कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी ( नैनीताल )।

# सम्पादकीय

बुधवार, 4 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाए रखने और साम्राज्यवादी मंसू. बों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोंपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिए बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिए एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिए भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनी. तिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिए बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली



इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने की घटना एक निंदनीय कृत्य है, इस मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली है, सरकार का यह मौन तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है, जिससे भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांतिपूर्ण समाधान जैसे सिद्धांतों पर आधारित रही है। चुप्पी इन सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है, सरकार ने न तो इस हत्या की स्पष्ट निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर ठोस प्रतिक्रिया दी।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# प्राइवेट हॉस्पिटलः खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

भारत की बड़ी आबादी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है। देश में 60 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सम्बंधी खर्च रोगियों को खुद वहन करना पड़ता है, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधि. नियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को नियंत्रित करने का ढांचा प्रदान करते हैं, लेकिन यह अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। 102 डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेव. रों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में निजी स्वास्थ्य सेवाओं की लागत को नियंत्रित करने और रोगियों के अधिकारों को लागू करने की मांग की है। फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ द्वारा समर्थित विशेषज्ञों की इस अपील में स्वास्थ्य सेवाओं की उचित, पारदर्शी और मानकीकृत दरें तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है ताकि रोगियों पर आर्थिक बोझ कम किया जा सके। यह अपील जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका का समर्थन करती है, जिसमें केंद्र सरकार से 2012 के चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम के नियम 9 के तहत निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को विनियमित करने की मांग की गई है। इस कानूनी बहस में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मौजूदा नियमों को लागू करने की मांग की है, जिसका व्यावसायिक निजी स्वास्थ्य सेवा समूहों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। कार्रवाई के इस आह्वान से एक कड़वी सच्चाई सामने आती है। सरकारी स्वास्थ्य ढांचे की कमी के कारण देश की बड़ी आबादी को निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर होना पड़ता है। निजी अस्पतालों में अत्यधिक और मनमाने शुल्क के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। इस अपील पर हस्ताक्षर करने वाले लोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न तबकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के डॉक्टर, छोटे निजी क्लीनिक, बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल, चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं में युवा पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले विशेषज्ञ और दशकों के अनुभव वाले वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं। यह सामूहिक आवाज दर्शाती है कि भारत के निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं और विनियमन की कमी को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

**दरों का मानकीकरण**

चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधि. नियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं, लेकिन, दरों के मानकीकरण, न्यूनतम मानकों और पारदर्शिता जैसे प्रमुख पहलू अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाए हैं। यह स्थिति निजी अस्पतालों में अधिक शुल्क वसूलने की व्यापक प्रवृत्ति के बावजूद है, जो कोविड महामारी के दौरान उजागर हुई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दरों का मानकीकरण तकनीकी रूप से संभव है और इसे पहले ही सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम CGHS और आयुष्मान भारत.प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। मसलन, CGHS देशभर में 1850 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए समान दरें तय करता है, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी लाभान्वित होते हैं। इसी तरह, आयुष्मान भारत के तहत 28,000 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जो लगभग 2000 प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरों पर इलाज करते हैं। इन योजनाओं और जापान जैसे देशों की समान दर व्यवस्था से प्रेरणा लेते हुए, विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा ढांचा न सिर्फ संभव है बल्कि मनमाने और अत्यधिक शुल्क से मरीजों को बचाने के लिए आवश्यक भी है।

**अनैतिक प्रथाएं और असमानता**

इस अपील में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अनैतिक प्रथाओं, जैसे अधिक शुल्क वसूली, रेफरल के लिए कमीशन और मनमानी बिलिंग की समस्याओं को उजागर किया गया है। ये प्रथाएं रोगियों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं और ईमानदार चिकित्सकों के प्रयासों को कमजोर करती हैं। दरों के मानकीकरण से इन समस्याओं को दूर करके एक अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इससे ईमानदार निजी चिकित्सकों को बराबरी से प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा और रोगियों पर वित्तीय बोझ भी कम होगा। मुख्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए उचित दर सुनिश्चित करके, इस क्षेत्र में अत्यधिक मुनाफाखोरी को रोका जा सकता है और रोगियों और चिकित्सकों के बीच विश्वास को मजबूत किया जा सकता है।

**आगे का रास्ता**

फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ और अन्य हस्ताक्षरकर्ता निम्नलिखित उपायों का सुझाव देते हैं-



1. रोगियों के अधिकारों का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन और क्रियांवयन- सभी चिकित्सा संस्थानों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रोगियों के अधिकारों का चार्टर स्थानीय भाषाओं में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
2. पारदर्शी मूल्य निर्धारण- स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए दरें अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए, ताकि रोगियों को सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिल सके।
3. मुख्य प्रक्रियाओं की मानकीकृत लागत- प्रमुख चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरें होनी चाहिए, ताकि अत्यधिक शुल्क वसूली को रोका जा सके। सुविधाओं या विशेष आवश्यकताओं के लिए लचीलापन रखा जा सकता है।
4. शिकायत निवारण प्रणाली- रोगियों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए।
5. छोटे और गैर-मुनाफा संस्थानों का समर्थन- मानकीकरण प्रक्रिया को छोटे क्लीनिक्स, चैरिटेबल अस्पतालों और गैर-मुनाफा संगठनों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। देश भर के हस्ताक्षरकर्ताओं ने फिर से यह जाहिर किया है कि स्वास्थ्य सेवा को एक सामाजिक कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि मुनाफा कमाने की वस्तु के रूप में। वे एक मजबूत सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं जिसे निजी क्षेत्र पर प्रभावी नियम लागू करके बल मिले। यह अपील इस बात पर भी जोर देती है कि स्वास्थ्य का संवैधानिक अधिकार तभी पूरा हो सकता है, जब निरंकुश निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं द्वारा उत्पन्न वित्तीय असमानताओं को हल किया जाए। इस अपील का संदेश स्पष्ट है। स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, न कि कोई विशेषाधिकार। इसे साकार करने के लिए नीति निर्माताओं, न्यायपालिका, और समाज को निजी स्वास्थ्य सेवा लागतों को नियंत्रित करने, रोगियों के अधिकार चार्टर को लागू करने और सरकारी स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। अपील में यह भी कहा गया है समय आ गया है कि हम सरकारी स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करें, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं को नियंत्रित करें और सुनिश्चित करें कि हर भारतीय को किफायती, समान और नैतिक चिकित्सा सेवा प्राप्त हो। मानकीकृत दरों को लागू करके और मरीजों के अधिकारों की रक्षा करके ही देश एक न्यायपूर्ण, समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की ओर बढ़ सकता है।

**-साभार जी.एस. स्रो.फी.**

# वैज्ञानिकों पर आंख बंद कर भरोसा करने का सच!

**साठ प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?**

एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 28 देशों के 32,000 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमशः 47 प्रतिशत और 45 प्रतिशत ही भरोसा जताया है। हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह



उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं? कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है।

हालिया समय में दुनियाभर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्व. विद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।

यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# शादी से इतना डर क्यों, क्या वाकई कुछ कारण डर की वजह हैं!

जब मैं शादी शब्द सुनती हूं तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगता है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे शादी करने से डर लगता है, और मैं जानती हूं कि मैं अकेली नहीं हूं। मेरे आस-पास के कई लोग भी ऐसा ही महसूस करते हैं। हैरानी की बात है कि आजकल यह डर काफी आम हो गया है। शादी एक बहुत बड़ा कदम है, इसलिए इसके बारे में घबराहट होना सामान्य है। लेकिन क्यों? शादी के बारे में सोचते ही हमारा दिल क्यों तेजी से धड़कने लगता है? इस हिचकिचाहट के पीछे कई कारण हैं और हम उन्हें आपके साथ साझा करने के लिए यहां हैं। इंस्टाग्राम पर थेरेपी विद शौर्य पेज से जुड़ी मनोवैज्ञानिक बनिता सिंह ने कहा कि स्थिरता और व्यक्तिगत विकास की तलाश कर रहे लोगों को शादी डरावनी लग सकती है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोग खुद को खोने, हमेशा के लिए साथ रहने के दबाव या उम्मीद से ज्यादा समझौता करने से डरते हैं। सिंह ने इन मान. सिक कारकों के बारे में विस्तार से बात की जो शादी को डरावना बनाते हैं।

**खुद को खोने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि आजकल लोगों को अपनी आजादी और निजी समय पसंद है। अपनी दिनचर्या, शौक या विचित्रताओं को किसी और के साथ मिलाने का विचार लोगों को ऐसा महसूस कराता है जैसे वे खुद को छोड़ रहे हैं।

**हमेशा के लिए वाला फैक्टर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को हमेशा के लिए शब्द प्यार के वादे से ज्यादा उम्रकैद की सजा जैसा लगता है। क्या होगा अगर आप लंबे समय तक खुश नहीं हैं? खुद को किसी फैसले से बांधने का विचार भारी लग सकता है।

**बहुत ज्यादा समझौता करने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को डर है कि शादी के बाद उन्हें जरूरत से ज्यादा समझौता करना पड़ सकता है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए हमेशा एडजस्ट करने वाले व्यक्ति होने का डर अनुचित और डरावना लग सकता है।

**एक्सपर्ट ने शादी के लिए उत्सुक होने का कारण भी बताया**

बनिता सिंह ने बताया कि शादी त्याग के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा साथी खोजने के बारे में है जो आपके सपनों का समर्थन करता है, आपका सर्वश्रेष्ठ सामने लाता है, और जीवन के उतार-चढ़ाव में आपका साथ देता है। उन्होंने कहा कि प्यार, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित, शादी एक खूबसूरत यात्रा बन सकती है, जहां दोनों साथी एक साथ मजबूत होते हैं।

**छोटी-छोटी बातों में छिपा है एक खुशहाल रिश्ते का राज**

हर कपल एक भावुक और अंतरंग रिश्ता बनाने का सपना देखता है। लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक सपना ही रह जाता है, न ज्यादा, न कम। हो सकता है कि आप इस सपने को हकीकत में बदलने की पूरी कोशिश कर रहे हों। आप बहुत प्रयास कर रहे हों, अपनी पूरी ऊर्जा लगा रहे हों, फिर भी परिणाम निराशाजनक हों।

ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या यह है कि लोग अक्सर बडे इशारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और उन छोटी चीजों को भूल जाते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपने साथी को प्रभावित करने और रोमांटिक मूड बनाने के लिए महंगे उपहारों पर बहुत पैसा खर्च करते हैं। जबकि उपहार अच्छे होते हैं, वे अंतरंगता बनाने का एकमात्र तरीका नहीं हैं। बहुत से लोग यह नहीं समझते हैं कि अंतरंगता सरल क्षणों से बढती है, साथ बैठना, खुलकर बात करना, वास्तव में सुनना और स्पर्श के माध्यम से स्नेह दिखाना। जुडाव के ए छोटे-छोटे कार्य इच्छा को जगा सकते हैं और आपको किसी भी बडे इशारे से कहीं ज्यादा अपने साथी के करीब ला सकते हैं।


**एक्सपर्ट ने क्या कहा?**

मैरिज कोच अमांडा ट्विग्स जोन्स इस बात पर जोर दिया कि बडे झगडे आमतौर पर रिश्ते में अंतरंगता को नष्ट नहीं करते हैं। इसके बजाय, यह छोटे, रोजमर्रा के पल होते हैं जो धीरे-धीरे एक जोडे को अलग कर सकते हैं।

उन्होंने इसे समझाने के लिए एक उदाहरण दिया- कल्पना करें कि आप अपने साथी से जुडने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे अपने फोन पर स्क्रॉल करने में इतने व्यस्त हैं कि आप पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। या, जब आप कोई महत्वपूर्ण बात साझा कर रहे होते हैं, तो वे आपसे वास्तव में जुडने के बजाय एक साधारण ष्हम्म्ष कहकर जवाब देते हैं। ए छोटी-छोटी हरकतें, जब समय के साथ दोहराई जाती हैं, तो भावनात्मक दूरी पैदा कर सकती हैं और आपको अनसुना और महत्वहीन महसूस करा सकती हैं। यह बडी बहस नहीं है, बल्कि अलगाव के ए छोटे, अनदेखे पल हैं जो रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**छोटे-छोटे पलों से अपने रिश्ते को बदलें**

विशेषज्ञ ने जोड़ों को सलाह दी कि वे अपना ध्यान भव्य रोमांटिक इशारों से हटाकर छोटे-छोटे, रोजमर्रा के पलों पर लगाएं। ऐसा करके, जोड़े सांसारिक चीजों को शानदार बना सकते हैं और एक गहरे, ज्यादा सार्थक संबंध को बढावा दे सकते हैं। तो, आप छोटे-छोटे पलों की शक्ति का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं? विशेषज्ञ ने सुझाव दिया कि पल में मौजूद रहें, फोन जैसी चीजों को दूर रखें और अपने साथी पर



ध्यान केंद्रित करें। अपने साथी को दिखाएं कि आप उनके विच. ारों, भावनाओं और अनुभवों में रुचि रखते हैं और उनमें दिलचस्पी रखते हैं। आंख से आंख मिलाएं, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज का इस्तेमाल करें और अपने साथी के जीवन के लिए उत्साह दिखाएं।

**अपने रिश्ते को हमेशा के लिए बदल दें**

एक्सपर्ट ने बताया कि जो जोडे अपने रिश्तों को बदलते हैं, वे समझते हैं कि हर छोटा-सा पल मायने रखता है। वे पहचानते हैं कि हर क्षणभंगुर बातचीत उनके संबंध को बनाने या तोडने का एक मौका है, और इन पलों का संचय पूरे रिश्ते को आकार देता है।

इसके अलावा, वे स्वीकार करते हैं कि इन पलों पर उनके साथी की प्रतिक्रिया का गहरा प्रभाव पडता है, या तो उनके बंधन को मजबूत करता है या उन्हें अलग कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, वे समझते हैं कि एक-दूसरे की जरूरतों को सुनना और पूरा करना गैर-परक्राम्य है, यह एक दो-तरफा रास्ता है जिसके लिए दोनों भागीदारों से प्रयास, सहानुभूति और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

# सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं







